**सुविचार**
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 में नजर...

Ranchi • Saturday, 12 August 2023 • Year : 01 • Issue : 207 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : 3 • www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


| SHARE | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,322.65 |
| निफ्टी | : | 19,428.30 |

| SARAFA | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,590 |
| चांदी | : | 76.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### डब्ल्यूएफआई के आज होने वाले चुनाव पर रोक

**REWARI :** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों पर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने 28 अगस्त तक रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने ये रोक हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन की याचिका पर लगाई है। संघ के चुनाव कल यानी 12 अगस्त को होने थे। एसोसिएशन का आरोप है कि उनकी बजाय एक अन्य एसोसिएशन को इस चुनाव में भाग लेने की इजाजत दी गई है, जबकि वे डब्ल्यूएफआई और हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन से एफिलिएटेड है। पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और संगीता फोगाट के संघ के पूर्व अध्यक्ष इखढ सांसद बृजभूषण पर महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के बाद इन चुनावों पर सबकी नजर लगी हुई है।

### वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक विकास सिन्हा का निधन

**KOLKATA :** पद्म पुरस्कार से सम्मानित परमाणु वैज्ञानिक विकास सिन्हा (78 वर्ष) का शुक्रवार सुबह कोलकाता के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को अस्पताल से मिंटो पार्क स्थित उनके आवास पर लाया जा रहा है, जहां अंतिम दर्शन के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। वर्ष 2010 में पद्म भूषण से सम्मानित विकास सिन्हा, विकास साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स में निदेशक के पद पर तैनात थे। उन्होंने "वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर" के "होमी भाभा प्रोफेसर" का पद भी संभाला था।

### बगोदरा-बावला हाइवे पर सड़क हादसे में 10 की मौत

**AHMEDABAD :** अहमदाबाद के बावला-बगोदरा हाइवे पर भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 5 महिलाएं, 3 बालक और 2 पुरुष हैं। दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल हो गए। मालवाहक टेम्पो में सवार लोग चोटिला में माता चामुण्डा का दर्शन कर लौट रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस, पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया है। अहमदाबाद से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर बावला-बगोदरा में सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे आ रहे मालवाहक टेम्पो ने जोरदार टक्कर मार दी।

# राज्य के सात जिलों में पिछड़ा वर्ग के लिए EWS कोटे में मिला आरक्षण

## झारखंड कैबिनेट ने 30 प्रस्तावों को दी मंजूरी, रांची में होगी महिला हॉकी चैंपियनशिप

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि रांची में महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन होगा। यह आयोजन 27 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक होगा। इस कार्य के लिए 13 करोड़ की स्वीकृति दी गई जिसमें 10 करोड़ मेजबानी में खर्च होंगे। राज्य के 7 जिलों लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका, लातेहार व खूंटी में जिला स्तरीय पदों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण अभी शून्य है। इन वर्गों के लोग ईडब्ल्यूएस के तहत नियुक्ति के लिए आवेदन दे सकेंगे। इन जिलों में एसटी का आरक्षण सर्वाधिक है, इस वजह से याह निर्णय लिया गया और यह अब ईडब्ल्यूएस के 10% आरक्षण में शामिल होगा।

सरकारी पारा मेडिकल संस्थानों से पढ़नेवाले 5 छात्र-छात्राओं को 1 वर्ष तक राज्य के सरकारी अस्पतालों में सेवा देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर 100000 का जुमार्ना भरना होगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत भवनों में डिजिटल पंचायत योजना की स्वीकृति दी गई। आयुष्मान भारत योजना के तहत जो 5 लाख का बीमा होता है इसके अतिरिक्त कम गंभीर बीमारी योजना के तहत 20 लाख का भी




सहायता मिल सकेगा, यानी 25 लख रुपये तक की बीमारी के लिए स्वीकृति दी गयी। हर एक सोसाइटी के साथ इसका एमओयू हो चुका है। इसकी मंजूरी दी गयी। इसका लाभ कैंसर रोग से ग्रसित मरीजों को मिलेगा। एमओयू एक वर्ष के लिए लागू है। सरकारी सेवकों को लेवल 15, 16, 17 वेतनमान वाले सभी सरकारी कर्मियों को एक्सक्यूटिव क्लास में हवाई वाहन यात्रा भत्ता मिलेगा। बच्चों के आफ्टर केयर के लिए 25000 रुपये दिये जायेंगे। एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत बच्चों को यूपीएससी रेलवे बैंकिंग इत्यादि की परीक्षा की तैयारी के लिए नियुक्त परीक्षा देने के लिए नियमावली की स्वीकृति दी गयी। उच्च शिक्षा विभाग की योजना में भी उसी तरह के एक और नियम की स्वीकृत दी गयी। वित्त आयोग अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति नियमावली में संशोधन किया गया। उम्र सीमा 65 वर्ष से बढ़ा कर 70 वर्ष किया गया। बिहार राज्य परिवहन निगम कर्मियों को एक साथ 2004 से राज्य के विभिन्न विभागों में वैचारिक रूप से समायोजन करने और वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गयी। इनमें करीब 67 कर्मचारी हैं। राज्य के कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से इलिटरेसी कार्यक्रम के तहत एनआईटी रांची से परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा योजना से लाभुक राज्य के सभी परिवार को 1 किलो चना दाल दिया जायेगा। राज्य के विभिन्न श्रेणी के पुलिस थाना के समान कार्य के लिए दिए जाने वाले अग्रिम राशि में वृद्धि की गई। इस श्रेणी के थाना को 20000 के बजाय अब 40020, श्रेणी के थाना को 15000 के बजाय 30080 श्रेणी के थाना को ?10000 दिये जायेंगे। झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड को 2015-16 में दी गयी 6136 करोड़ रुपए की राशि का 3 बटा 4 हिस्सा अनुदान में और एक बटा 4 हिस्सा पूंजी के रूप में दिये जाने की स्वीकृति दी गई। चाईबासा में नये थाना सृजन की मंजूरी दी गई। डुलमी जलाशय पूर्ण आधार योजना के लिए 34 करोड़ रुपए की योजना की सुकृति दी गई। जान राजस्व भूमि सुधार अंतर्गत मुंसीरीम सेवा शर्त संशोधन नियमावली की मंजूरी दी गई।

## झारखंड में जल्द शुरू होगा सीएम फेलोशिप प्रोग्राम

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके तहत राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजना के लिए अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के पांच, पिछड़ा वर्ग के सात और अल्पसंख्यक वर्ग के तीन विद्यार्थियों का अब विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सपना साकार होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सीएम फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इस प्रोग्राम के तहत दुनिया के 100 विश्वविद्यालयों में झारखंड के स्कॉलर्स को एमफिल और पीएचडी जैसे कोर्सेज के लिए वित्तीय सहायता सरकार द्वारा


छात्रा को नियुक्ति पत्र सौंपते सीएम हेमंत सोरेन • फोटोन न्यूज

प्रदान की जाएगी। झारखंड मंत्रालय में में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आप शिक्षित होंगे, तो आपकी अगली पीढ़ी भी निश्चित तौर पर पढ़ेगी। इसी बात को ध्यान में रखकर शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में नई शुरूआत कर रहे हैं। इसके तहत कड़ी से कड़ी जोड़कर व्यवस्था को मजबूत और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगाव और उत्सुकता बनी रहे, इसके लिए कई योजनाएं शुरू की है, ताकि आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे।


विस्तृत खबर पेज 2 पर


# डेंगू का कहर, NIT में छात्र की मौत, MGM में भी मचा हड़कंप

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** देश में डेंगू मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार के बाद अब झारखंड भी डेंगू के चपेट में आ गया हैं। झारखंड के जमशेदपुर में डेंगू तेजी से फैला है। यहां पर संचालित दो बड़े शिक्षा संस्थानों में भी डेंगू कहर बरपा रहा है। आदित्यपुर स्थित नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (एनआइटी) में डेंगू से एक छात्र की मौत होने के बाद वहां हड़कंप मचा हुआ है। डेंगू को लेकर वहां विशेष दिशा-निर्देश जारी किया गया है। वहीं, अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अलावा महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू फैला हुआ है। यहां पर अभी तक 15 से अधिक एमबीबीएस छात्र-छात्राओं में डेंगू की पुष्टि हो चुकी हैं। एनआइटी के छात्र भार्गव एस की मौत सात अगस्त को टाटा मुख्य अस्पताल में हो गई। वह मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम के रहने वाले थे। एनआइटी में भार्गव एस मेकेनिकल फाइनल ईयर के विद्यार्थी थे। छह अगस्त को उसका तबीयत ज्यादा खराब होने पर टीएमएच में भर्ती कराया गया था। इस छात्र को हर चार घंटे में प्लेटलेट्स की आवश्यकता हो रही थी। एनआइटी मेकेनिकल विभाग के प्राध्यापक डॉ. शैलेंद्र कुमार के अनुसार, भार्गव एस एक होनहार विद्यार्थी था। उसे डेंगू हो गया था। मौत के बाद यहां देशभर



से पढ़ाई करने आए छात्रों में हड़कंप मचा हुआ है। महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस व पीजी की पढ़ाई होती है। यहां पर देश के विभिन्न राज्यों से छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। एमबीबएस की 100 व पीजी की लगभग 40 सीट है। सभी छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा है लेकिन यहां डेंगू फैलने की वजह से अफरा-तफरी का माहौल है। अभी तक लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, डेंगू के खौफ से लगभग आधे दर्जन छात्र-छात्राएं अपना हॉस्टल छोड़ वापस घर लौट गए हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यहां अभी तक 144 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी हैं। वहीं, एक मरीज की मौत भी हो चुकी हैं। यहां का आंकड़ा देखा जाए तो हर साल कोई न कोई बीमारी कहर बरपाता है। इस बार यहां डेंगू के साथ-साथ चिकनगुनिया, जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के मरीज भी तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां सबसे अधिक चाकुलिया प्रखंड डेंगू से प्रभावित है।

# मॉब लिंचिंग व माइनर से रेप पर होगी मौत की सजा

## IPC और CRPC में होगा बदलाव

**AGENCY NEW DELHI :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में बदलाव से जुड़े तीन विधेयक लोकसभा में पेश किए। गृहमंत्री ने लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किए। साथ ही सदन ने इन विधेयकों को आगे की समीक्षा के लिए गृह मामलों से जुड़ी संसद की स्थाई समिति को भेज दिया। इन बिलों में मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा देशद्रोह से जुड़े मामलों को लेकर भी बदलाव किए गए हैं। विधेयक पेश करते समय गृहमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों



के कालखंड में आईपीसी, सीआरपीसी, साक्ष्य अधिनियम 1860, 1898 और 1872 में कानूनों के रूप में लाए गए थे। इनमें आमूलचूल परिवर्तन लाया जाएगा। यह विधेयक अंग्रेजी शासन को मजबूत करने के उद्देश्य से लाए गए थे। हमारे कानूनों का मकसद इसके माध्यम से न्याय देना है। इनकी आत्मा नागरिकों के संविधान प्रदत्त अधिकारों की सुरक्षा करना है। गृहमंत्री ने कहा कि नए प्रावधान के तहत 3 साल के भीतर मामलों का निपटारा होगा। पुलिस और वकील जवाब देह बनेंगे।

## मणिपुर में शांति बहाली के लिए सक्रिय हुई सेना

**IMPHAL :** मणिपुर में शांति बहाली के लिए भारतीय सेना सक्रिय हो गई है। पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कालिता ने दो दिवसीय दौरा करके शांति बहाल के लिए वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ भी बातचीत की। भारतीय सेना ने हाल ही में दर्ज हुई एफआईआर पर असम राइफल्स का बचाव करते हुए इसे छवि खराब करने का मनगढ़ंत प्रयास बताया है। पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कालिता 09 और 10 अगस्त को मणिपुर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ बातचीत की। उन्होंने वर्तमान स्थिति और भविष्य की उन योजनाओं पर चर्चा की, जिससे शांति बहाली के उपाय किये जा सकें।

# शीर्ष माओवादी मिसिर बेसरा की कोर टीम के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़, एक जवान शहीद

## कोल्हान में नक्सलियों के 11 बंकर ध्वस्त, 17 आईईडी बरामद

**CRIME REPORTER CHAIBASA :** कोल्हान में पश्चिम सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के जंगल में शुक्रवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ करीब आधा घंटा तक चला। इसमें सीआरपीएफ 80 बटालियन के संशांत कुमार खुंटिया शहीद हो गए। जबकि एक अन्य जवान मुन्नालाल यादव जख्मी हो गए। पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय एवं सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर रांची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के पश्चात जख्मी सुरक्षा कर्मियों को उच्चत्तर ईलाज के लिए रांची ले जाया गया। जहां ईलाज के क्रम में सीआरपीएफ 60 बटालियन के सीटी/ जीडी सुशांत कुमार खुंटिया शहीद हो गये।



मुठभेड़ में घायल जवान को अस्पताल ले जाते सहकर्मी • फोटोन न्यूज

> पश्चिमी सिंहभूम में नक्सल मुठभेड़ के दौरान शहीद होने सीआरपीएफ जवान सुशांत कुमार जी की शहादत को शत-शत नमन। परमात्मा दिवंगत अमर वीर शहीद सुशांत जी की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।
>
> **हेमंत सोरेन, सीएम।**

जख्मी जवान सीटी/ जीडी मुन्नालाल यादव की स्थिति स्थिर है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, रमेश उर्फ अनल, अजय महतो, अनमोल, मोघु, चमन कांडे, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसके आलोक में इनके विरूद्ध कारगर कार्रवाई के लिए चाईबासा पुलिस, कोबरा 200 ईआईएन, 203 बीएन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 80 बीएन, 197 बीएन, 157 बीएन 174 बीएन, 134 आईएन 193 बीएन, 07 बीएन, 28 बीएन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान के क्रम में करीब 11 बजे पूर्वाहन में टोन्टो थानान्तर्गत हुसिपी और तिलायबेड़ा के बीच पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन माकपा के उग्रवादियों एवं सुरक्षा बलों के बीच लगभग आधा घंटा तक पुनः मुठभेड़ हुआ।

## व्यवसायी विष्णु अग्रवाल से मिले सारे पैसे अपनी कंपनी में TRANSFER करवाए

# प्रेम प्रकाश LAND SCAM का मास्टरमाइंड

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के चेशायर होम रोड स्थित खाता 37 के लगभग 1 एकड़ भूखंड की डील की जांच ईडी कर रही है। अब तक की जांच में जो खुलासे हुए हैं वह चौंकाने वाले हैं। पुनीत भार्गव ने यह जमीन विष्णु अग्रवाल को बेची थी। जिसके बाद से इस केस में विष्णु अग्रवाल की संलिप्तता की जांच भी ईडी कर रही है लेकिन जो खुलासा हुआ है उसके मुताबिक, चेशायर होम रोड की जमीन की डील का सबसे बड़ा मास्टरमाइंड प्रेम प्रकाश है। विष्णु अग्रवाल ने पुनीत भार्गव से जमीन खरीदने के बाद जो पैसे दिए थे वो सारे पैसे पुनीत भार्गव से जामिनी इंटरप्राईजेस नाम की कंपनी के अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। इस कंपनी पर प्रेम प्रकाश का


फाइल फोटो।

कंट्रोल है। 24 अगस्त 2022 को जब अवैध खनन के केस में ईडी ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर छापेमारी की, तब इस कंपनी से जुड़े कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रेम प्रकाश का इस कंपनी पर कंट्रोल है। विष्णु अग्रवाल ने बैंक ऑफ बड़ोदा के अकाउंट से पुनीत भार्गव को पैसे दिए थे। शुक्रवार को लैंड स्कैम केस में ईडी ने विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश को रिमांड पर ले लिया। जिसके बाद अब एजेंसी दोनों से पूछताछ करेगी। ईडी लैंड स्कैम केस में विष्णु अग्रवाल को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है, लेकिन प्रेम प्रकाश से पहली बार लैंड स्कैम केस में पूछताछ होगी।

## मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद पीपी एक दूसरे मामले में गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** जालसाजी कर जमीन खरीद बिक्री मामले में शुक्रवार को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले उसे पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सशरीर पेश किया गया। न्यायालय ने उसे 11 अगस्त को दिन के 11 बजे कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। न्यायालय ने यह आदेश, ईडी की ओर से उसे न्यायालय में पेश करने के लिए दायर किये गये प्रोडक्शन वारंट के आलोक में किया था। हालांकि, इससे पहले से प्रेम प्रकाश अवैध खनन में मनी लाउंड्रिंग के आरोप में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद है। 11 अगस्त को न्यायालय में पेश किये जाने के बाद जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में ईडी ने उसे गिरफ्तार किया है। ईडी ने चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में जांच में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता पायी थी। जांच में पाया गया था कि कोलकाता स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज में जालसाजी कर गंगाधर राय को जमीन का मालिक बनाया गया था। इसके बाद उसके उत्तराधिकारी राजेश राय से पावर ऑफ अटॉर्नी लेकर जमीन पुनीत भार्गव को बेची गयी थी।

## विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि तीन दिन और बढ़ी

**RANCHI :** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार न्यूक्लियस मॉल के मालिक और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के अधिवक्ता ने फिर विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करने की इजाजत मांगी। इसका विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल को फिर से तीन दिनों का रिमांड की मंजूरी प्रदान की। इससे पहले सात अगस्त को कोर्ट ने चार दिन और दो अगस्त को विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के लिए ईडी ने पांच दिनों का रिमांड दिया था। 31 जुलाई की रात 10:30 बजे ईडी ने क्षेत्रीय कार्यालय में विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था।

# खाना नहीं बनाने पर गला रेतकर पत्नी को मार डाला

## शव के पास बैठकर गाता रहा गम भरा गाना

**PHOTON NEWS GUMLA :** गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड में एक शख्स ने ब्लेड से गला काटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना गुरदरी थाना क्षेत्र के सखुआ पानी गांव की है, जहां 42 वर्षीय रमेश असुर ने अपनी 36 वर्षीय पत्नी ऐतवरिया असुर को ब्लेड से गला काट कर मौत के घाट उतार दिया। इधर पुलिस ने मृतक के शव के पंचनामा के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी पति रमेश असुर को भी मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार रमेश सखुआ पानी माइंस में कार्यरत है। गुरुवार दोपहर वह खाना खाने के लिए घर पहुंचा, जहां खाना नहीं बना देख वह आग बबूला होने लगा। नशे में धुत पत्नी भी खोइर की तरफ घूमने गई थी। पति ने पत्नी को बुलाया, दोनों में नशे में थे। खाना नहीं बनाने को लेकर पति का पत्नी से विवाद हो गया। जिसके बाद रमेश ने गांव के ही दुकान से चार-पांच ब्लेड खरीदी और अपनी पत्नी का गला रेत दिया। इसके अलावा उसने पत्नी के शरीर के गुप्त हिस्सों को भी काटा, जिससे मौके पर ही ऐतवरिया की मौत हो गई। इधर गांव वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक रमेश ने घटना को अंजाम देकर खून से लथपथ पत्नी के शव के पास बैठा हुआ था, जिसकी सूचना रमेश के भाई और ग्रामीणों ने गुरदरी पुलिस को दी। जिसके बाद थाना प्रभारी सदानंद सिंह मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

BRIEF NEWS

## मणिपुर को जलाना चाहती थी सरकार : राहुल गांधी

**NEW DELHI:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार मणिपुर को जानबूझ कर जलाना चाहती थी। मणिपुर के हालात को हमारी सेना दो दिन में नियंत्रित कर सकती थी और पूरा राज्य जलने से बचाया जा सकता था। राहुल गांधी ने शुक्रवार पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब वह मणिपुर के दौरे पर गए तो उन्हें कहा गया कि मैतेई के क्षेत्र में कुकी सुरक्षाकर्मी लेकर न जाएं और कुकी के क्षेत्र में मैतेई सुरक्षाकर्मी लेकर न जाएं। राहुल ने कहा कि उन्हें साफ कहा गया कि एक दूसरे के क्षेत्र में अगर एक दूसरे समुदाय के सुरक्षाकर्मी लेकर गए तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। ऐसे हैं मणिपुर के हालात। राहुल ने कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी सदन में दो घंटे से अधिक बोले लेकिन वह सिर्फ दो मिनट ही मणिपुर मुद्दे पर बोले बाकी दो घंटे सदन में हंसी-ठहाके लगे। मणिपुर एक गंभीर मुद्दा है। लोग वहां मारे जा रहे हैं। आए दिन आगजनी हो रही है। बच्चों को मारा जा रहा है। महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है और संसद में ऐसे मुद्दे पर कोई गंभीर बातचीत नहीं हो रही है। यह दुख की बात है।

## सुदेश महतो ने प्रखंड के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**RANCHI:** प्रखंड स्थित माही वैंक्वेट हॉल में शुक्रवार को मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रखंड के इंटर और मैट्रिक परीक्षा के टॉपर और सभी श्रेणी से उतीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नयी क्रांति की शुरूआत हो चुकी है। क्षेत्र के युवा व बच्चे इसके सूत्रधार व सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि आपके संकल्प शक्ति से ही सफलता मिलेगी, अपने कमियों को पीछे छोड़कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनें। विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श स्थापित करेगा। बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी मेरी है, आप सिर्फ मेहनत कर मुकाम को हासिल करें। गूंज परिवार के द्वारा प्रखंड के इंटर और मैट्रिक परीक्षा 2023 में उतीर्ण सभी श्रेणी के 800 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 4 टॉपर्स को टैबलेट दिया गया। मौके पर सीओ प्यारे लाल, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप सदस्य बीणा मुंडा, बीईईओ विमलकांत झा, बीपीओ प्रवीण कुमार, समाजसेवी रविशंकर मौर्या, अजय कुमार, मुखिया सावना महली, पंसस रायमनी देवी, रूप कुमार साहू, विपत भंजन सिंह मुंडा, सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, संजय महतो, चितरंजन महतो, श्याम महतो, सुषेन प्रमाणिक, दिलीप कोईरी, मिहिर महतो, सभी स्कूल के शिक्षक, अभिभावक आदि मौजूद थे। इस दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## हमारी सरकार नाराज हो गई, तो देश की बत्ती गुल हो जाएगी: सुप्रियो

**RANCHI:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की मूल लड़ाई उनकी जमीन हड़पने के खिलाफ रही है। हेमंत सोरेन की सरकार ने कई सौ एकड़ जमीन आदिवासियों को वापस दिलवाई है। बीजेपी के नेताओं को यह बात हजम नहीं हो रही है। वे लोग चाहते हैं कि आदिवासियों का नामोनिशान मिटा दें। भाजपा शासन के विरुद्ध पूरे देश भर में नाराजगी है। भाजपा मणिपुर-हरियाणा में दंगे करवा रही है और झारखंड में सरकार को परेशान कर रही है। डराने का काम कर रही है। राज्य सरकार अगर नाराज हो गई तो देश की बत्ती गुल हो जाएगी। देश को सबसे ज्यादा खनिज और राजस्व देने वाला राज्य झारखंड है। शुक्रवार को पार्टी कैंप कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस सुप्रियो ने ये बातें कही। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर रांची में भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के जनजातीय समुदाय के लोगों ने भी शिरकत की। इसके लिए झामुमो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को धन्यवाद देता है।

# केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला, उठाएं पूरा लाभ : राज्यपाल



**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने छात्रों से कहा कि आपको केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला है, इसका पूरा लाभ उठाएं। आपके विद्यालय में अच्छे शिक्षक हैं। बेहतर इनफ्रास्ट्रक्चर है और सारी सुविधाएं मौजूद हैं। राज्यपाल रांची के दीपाटोली स्थित केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने बचपन की यादों को साझा करते हुए कहा कि कैसे उनके विद्यालय में खिड़कियां नहीं होने के कारण वर्षा होने पर पुस्तकों के भींगने की संभावना बनी रहती थी और बच्चे एक दीवार की आड़ में खड़े हो जाया करते थे लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी हैं। हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था का देश बन चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की दिशा में अग्रसर है।

राज्यपाल ने कहा कि आर्मी पब्लिक स्कूल एवं केन्द्रीय विद्यालय में बच्चों से मिलकर एवं उनकी प्रतिभा को देखकर मैं आश्वस्त हूं कि आने वाले समय में भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। इसके लिए आपको कठिन मेहनत करना है, प्रत्येक दिन निर्धारित कार्य को पूरा करना है, अनुशासित रहना है। आप जिस काम को करने बैठे उस काम को तल्लीनता से करें। एक बार सफलता न मिले तो उसके लिए निराश होने की जरूरत नहीं है। आप दुगने उत्साह से लक्ष्य निर्धारित कर लगातार प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने अब्राहम लिंकन का उदाहरण भी दिया कि कैसे शुरू में कुछ चुनाव हार जाने के बाद भी लिंकन हतोत्साहित न होते हुए लगातार मेहनत करते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे और अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुये लेकिन पद पर आसीन होने से ही लोग बड़ा नहीं होता है। जब लोग उनके द्वारा किए गए नेक काम को याद करते हैं, तब वह महान बनता है। आज अब्राहम लिंकन को लोग इसलिए याद करते है कि गुलामी की प्रथा को समाप्त करते हुए उन्होंने मानवता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया था। राज्यपाल ने बच्चों से संवाद करते हुए उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिए।

# प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा

## हर क्षेत्र को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए हो रहा काम



**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सीएम ने हका कि प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बने, इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चाहे झारखंड बोर्ड हो या सीबीएसई अथवा आईसीएसई बोर्ड। इसके टॉपर्स को नगद राशि के साथ लैपटॉप सरकार दे रही है। इसके अलावा छात्रवृत्ति की राशि बढ़ा दी गई है। हमारी बच्चियों की पढ़ाई बाधित नहीं हो, इसके लिए सावित्रीबाई फुले सावित्री योजना चलायी जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत अचरज की बात है कि देश का 42 प्रतिशत खनिज संसाधन झारखंड में उपलब्ध है। लेकिन, फिर भी यह देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इतना ही नहीं प्रकृति ने झारखंड को धरा के अंदर और बाहर से सजाया-संवारा है। फिर भी यहां के लोग गरीब और पिछड़े हैं। आखिर ऐसा क्यों ? दरअसल झारखंड को शुरू से ही उपेक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा। जिसका परिणाम यहां के आदिवासी और मूलवासी को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन, हमारी सरकार इससे निपटने की पूरी रणनीति तैयार कर आगे बढ़ रही है। उन चीजों को चिह्नित किया जा रहा है, जिस वजह से झारखंड आगे नहीं बढ़ सका। शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा को प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि वह दिन दूर नहीं जब झारखंड की पहचान एक विशेष राज्य के रूप में पूरे देश -दुनिया में होगी।

**राज्य तेजी से कर रहा विकास : आलमगीर आलम**

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ऐसे कई कार्य हो रहे हैं जो झारखंड को मजबूती प्रदान कर रहा है। यहां लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान के साथ विकास को गति मिल रही है। युवाओं को आगे ले जाने का प्रयास जारी है।

**समाज और राज्य के आगे बढ़ने की बुनियाद है शिक्षा : मंत्री**

वहीं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चंपई ने कहा कि समाज और राज्य के आगे बढ़ने की बुनियाद है शिक्षा। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार शिक्षा की बेहतरी के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल बनाए जा रहे हैं। यहां के गरीब विद्यार्थी भी विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर सभी प्रमंडल मुख्यालयों में भी एक विद्यालय खोले जाने की तैयारी चल रही है।

**अगर आप स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, तो सरकार पूरा सहयोग करेगी : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृति योजना कोई एक योजना मात्र नहीं है। यह इतिहास बनाने का एक मौका है क्योंकि जिन अंग्रेजों के खिलाफ हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया है, उन्हीं की धरती पर जाकर आप उच्च शिक्षा ग्रहण कर उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम करने जा रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस योजना के साथ विद्यार्थियों को कोई शर्त नहीं रखी गई है। आप कहीं भी अपना कार्य करें। आप अगर अच्छा करेंगे, तो उसी में झारखंड का भी नाम रोशन होगा। वहीं, आप इस राज्य की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहते हैं। कोई स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, तो उसमें सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

**आप बेस्ट हैं, अपने पर भरोसा रखें : सुप्रिया चावला**

इस मौके पर दिल्ली स्थित ब्रिटिश हाई कमीशन की हेड चेवनिंग स्कॉलरशिप सुप्रिया चावला ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों को यूनाइटेड किंगडम में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में हमारी ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप बेस्ट हैं। अपने पर विश्वास रखें। आप निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब होंगे। आप खुद में बदलाव लाए और दूसरों को भी बदलाव लाने का कार्य करें। समारोह में कोलकाता स्थित डिप्टी ब्रिटिश हाई कमीशन अजिता मेनन भी शामिल हुईं।

इन विद्यार्थियों का हुआ है चयन

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत तीसरे बैच (सत्र 2023-24) के लिए अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के पांच, ओबीसी के सात और अब अल्पसंख्यक वर्ग के तीन विद्यार्थियों का चयन विदेशों के विश्वविद्यालय महाविद्यालय में 31 कोर्सेज के लिए हुआ है। अनुसूचित जनजाति : कमल शाश्वत, ज्योति वंदना लकड़ा, आयुष स्टीफन टोप्पो, मेरी स्मृति कुजूर, मांगू पूर्ति, प्रफुल्ल किरण केरकेट्टा, जे नीतू सोरेन, हर्कुलस सिंह मुंडा, मधुमिता मुंडा और स्तुति होरो। अनुसूचित जाति : निर्भय प्रकाश, श्रवण कुमार, ओमप्रकाश कुमार, निधि बाघवर और अक्षय कुमार। पिछड़ा वर्ग : अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार मोदी, प्रेरित राज, जीशान आलम, कुमार प्रीतम पुरी और मल्लिका महतो।

**सपने में भी नहीं सोचा था कि विदेश में पढ़ने का मौका मिलेगा : जे नीतू सोरेन**

इस मौके पर चयनित छात्र जे नीतू सोरेन ने कहा कि अनुसूचित जनजाति से आने के कारण उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा भी मौका आएगा जब वह अपनी पढ़ाई विदेश में कर पायेगी। स्कॉलरशिप के लिए चयन होने के बावजूद घरवालों को अबतक विश्वास नहीं हो पाया है कि एक गरीब घर की बेटी पढ़ने के लिए विदेश जा पाएगी। विदेश में पढ़ाई का मैं कभी सपना भी नहीं देख सकती थी।

## मुख्यमंत्री ने मुठभेड़ में शहीद हुए CRPF जवान को दी श्रद्धांजलि



**RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को सेक्टर-2, धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान कॉन्स्टेबल सुशांत कुमार खूंटिया के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शहीद की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में गोली लगने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान कांस्टेबल सुशांत कुमार खूंटिया गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई। शहीद जवान सुशांत कुमार खूंटिया ओडिसा के क्योंझर जिला के निवासी थे। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

## नियोजन नीति और स्थानीयता तय किए बिना कैसे 35 हजार नियुक्तियां करेगी राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव



**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ हवा हवाई घोषणा करती रही है। उन्होंने कहा कि लगभग पौने चार वर्ष में भी यह सरकार आज तक न एक फूल प्रूफ नियोजन नीति बना पाई और ना ही स्थानीयता को सही से परिभाषित कर पाई।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधि विभाग के विधिक मुद्दों पर किए विरोध के बावजूद स्थानीय नियोजन नीति को पारित कराया, जिसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। 1932 का कट ऑफ डेट सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी हो सकता था। उन्होंने कहा कि पौने चार वर्षों में मुख्यमंत्री और उनके मंत्री अनेक गाड़ियां बदल चुके हैं। मंत्रियों के लिए करोड़ों रुपये के आलीशान बंगले बन रहे हैं लेकिन झारखंड के युवा आदिवासी मूलवासी बेरोजगारों को कोई पूछ नहीं रहा।

प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि जिन 35 हजार नियुक्तियों की अगस्त से नवंबर के बीच में होने की बात की जा रही है आखिर उसकी बुनियाद क्या होगी? ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बिना नियोजन नीति और स्थानीयता परिभाषित किए सरकार एक बार फिर तृतीय और चतुर्थ वर्ग में 60-40 की नीति के तहत नियुक्ति कर के यहां के आदिवासी मूलवासी का हक मारने जा रही है।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र की शुरूआत

**RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की। प्रदेश कार्यालय में तिरंगा बिक्री केंद्र का फीता काट कर शुभारंभ किया।

इस अवसर मरांडी ने कहा कि भारत ने आजादी का अमृत वर्ष पूर्ण किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत की नींव पड़ी है, जिसे अगले 25 वर्षों के अमृत काल में भव्य भारत, आत्म निर्भर भारत, श्रेष्ठ भारत, एक भारत के संकल्प को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प को सिद्धि में बदलने का समय है।

## वित्तमंत्री आज लोकसभा में जीएसटी संशोधन विधेयक-2023 पेश करेंगी



**AGENCY NEW DELHI:** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आज वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संशोधन विधेयक-2023 को लोकसभा में पेश करेंगी। इस विधेयक के पास होने के बाद ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का रास्ता साफ हो जाएगा। इस विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल चुकी है। जीएसटी परिषद ने पिछले हफ्ते अपनी 51वीं बैठक में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) अधिनियमों में संशोधन को मंजूरी दी थी।

जीएसटी अधिनियम में संशोधित प्रावधान संसद में पास होने के बाद एक अक्टूबर से लागू होंगे। जीएसटी परिषद ने दो अगस्त को कसीनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेमिंग में आपूर्ति पर कराधान स्पष्ट करने के लिए सीजीएसटी अधिनियम 2017 की अनुसूची तीन में संशोधन की सिफारिश की थी।

## प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को जाएंगे मध्य प्रदेश के प्रवास पर

# भारत माला परियोजना अंतर्गत 1582 करोड़ की दो सड़कों का करेंगे शिलान्यास

- बड़तूमा में 100 करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास के भव्य मंदिर और विशाल स्मारक का करेंगे भूमि-पूजन
- ढ़ाई हजार करोड़ की लागत से बने कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी

**AGENCY SAGAR:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार, 12 अगस्त को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय पर सागर जिले में आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री यहां बड़तूमा में 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले संत रविदास के भव्य मंदिर और विशाल स्मारक का भूमि-पूजन करेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ढाना के एयर स्ट्रिप में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को यशवंत सिंह बरारे ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम में एनएचएआई की भारत माला परियोजना के अंतर्गत 1582.28 करोड़ की दो सड़कों का शिलान्यास करेंगे। वे यहां ढाई हजार करोड़ रुपये की लागत से बने कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्र और राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नई दिल्ली एयरपोर्ट से पूर्वान्ह 11.50 बजे वायुसेना के विमान से खजुराहो के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद सड़क दुर्घटना पर जताया दुख:



**NEW DELHI:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में बावला-बगोदरा राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, अहमदाबाद जिले में बावला-बगोदरा राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना से दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## संसद का मानसून सत्र समाप्त कुल 23 विधेयक पारित

**AGENCY NEW DELHI:** संसद का मानसूत्र सत्र आज समाप्त हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। संसद ने इस सत्र में 23 विधेयकों को मंजूरी दी। मॉनसून सत्र की समाप्ति के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाता सम्मेलन में संसद में हुए कामकाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से शुरू हुए सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुई। कुल 23 विधेयकों को संसद ने मंजूरी दी। दोनों सदनों के विधायी कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मानसून सत्र में लोकसभा से 22 विधेयक पारित किए गए और 20 विधेयक सदन के विचार हेतु रखे गए। वहीं राज्य सभा से 25 विधेयक पारित किए गए और पांच विधेयक सदन के विचार हेतु रखे गए। उन्होंने बताया कि तीन विधेयक गृह मंत्रालय से संबंधित थे जिन्हें स्थायी समिति के विचार हेतु भेजा गया। एक विधेयक राज्य सभा से वापस लिया गया। सदनों की कार्य उत्पादकता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लोक सभा में 45 प्रतिशत और राज्य सभा में 63 प्रतिशत कामकाज हुआ। विपक्ष की ओर से पेश अविश्वास प्रस्ताव पर रिकॉर्ड 20 घंटे चर्चा हुई। 60 से ज्यादा सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रह्लाद जोशी ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे बार-बार के आग्रह और प्रयासों के बाद भी विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से विधेयकों की चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने केवल दिल्ली सेवा विधेयक में भाग लिया। सरकार कभी नहीं चाहती थी कि कोई विधेयक बिना चर्चा के पारित हो। राज्यसभा में लगभग सभी विधेयकों पर चर्चा हुई। राहुल गांधी के लोकसभा में दिए वक्तव्य पर उन्होंने कहा कि उनके भाषण से भारत माता नहीं बल्कि असंसदीय शब्द निकाले गए।

BRIEF NEWS

## यूपी एसटीएफ ने कुंदन को किया गिरफ्तार

**RANCHI :** उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार को रांची में छापेमारी कर ठगी के आरोपी कुंदन कुमार को कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को उसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर उत्तर प्रदेश के कानपुर ले जाया गया। कुंदन पर 2 करोड़ 65 लाख 88 रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। फिलहाल कांके रोड में रहता था। एसटीएफ की टीम ने कांके थाना पुलिस के सहयोग से कुंदन को छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

## रांची रेलवे स्टेशन पर RPF का जांच अभियान

**RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को जांच अभियान चलाया। आरपीएफ आईजी संजय मिश्रा के निर्देश पर यात्रियों के सामान और पार्सल की भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन से हथियार और ड्रग्स की सप्लाई करने की सूचना पर आरपीएफ डॉग स्क्वायड टीम के साथ जांच कर रही है।

## युवक से मारपीट, सदर थाना में मामला दर्ज

**RANCHI :** रांची के सदर थाना क्षेत्र के एडवांस डायग्नोसिस सेंटर के समीप एक युवक के साथ शुक्रवार को मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कृष्ण कुमार ने एक नामजद दिपोदर कुमार सहित पांच युवकों पर मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कृष्णा कुमार अपने घर से देर रात में खाना रेस्टोरेंट जा रहा था। इसी क्रम में बाइक पर सवार दो युवक वहां से गुजर रहे थे । बाइक सवार बिना कारण कृष्णा के सिर पर मारा। किस संबंध में पूछने पर अन्य युवकों को बुलाकर फाइबर से मारपीट की। इससे कृष्ण कुमार के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है।

## चान्हो में कुएं से नामकुम के युवक का मिला शव

**RANCHI :** चान्हो थानाक्षेत्र के हुटार दमदमा रोड स्थित कुएं से शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव निकाला गया। मृतक कुन्नू मुंडा (33वर्ष) नामकुम के लोवाडीह का निवासी था। वह पिछले एक महीने से माहेर आश्रम बीजूपाड़ा में रह रहा था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। एक माह पहले सड़क पर भटकते हुए देखे जाने पर उसे आश्रम में लाकर रखा गया था। नौ अगस्त की रात निकलकर वह कहीं चला गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## सुनीता अग्रवाल के सिर सजा सावन क्वीन का ताज

**RANCHI :** नारनौलीय अग्रवाल संघ महिला समिति की ओर से शुक्रवार को रांची के खेलगांव में आयोजित सावन महोत्सव में सुनीता अग्रवाल सावन क्वीन चुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीता अग्रवाल ने की। उन्होंने सावन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिलाओं के बीच मेहंदी लगाओ, अंताक्षरी, नृत्य समेत कई प्रतियोगिताएं हुई। इन प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सुनीता को सावन क्वीन चुना गया। महोत्सव में रीता अग्रवाल, अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल कोकर, सचिव संगीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, रानी अग्रवाल, शशि अग्रवाल और अंजना अग्रवाल आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# विधायक समरी लाल की अंतरिम राहत बरकरार जाति छानबीन समिति के अंतिम आदेश पर रोक

### गलत जाति प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने के मामले में फंसे हैं विधायक, 29 सितंबर को अगली सुनवाई


भाजपा विधायक समरी लाल।

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** भाजपा विधायक समरी लाल को झारखंड हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने समरी लाल की अंतरिम राहत को बरकरार रखा। मामले में विस्तृत सुनवाई के लिए 29 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। पूर्व में अदालत ने इस मामले में जाति छानबीन समिति को अंतिम आदेश पारित करने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, अदालत ने जाति छानबीन समिति को अपनी जांच जारी रखने की छूट प्रदान की थी। पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने अदालत को बताया कि यह मामला जाति छानबीन समिति के अधिकार क्षेत्र का नहीं है क्योंकि समरी लाल को जाति प्रमाण पत्र जांच करने के बाद ही प्राप्त हुआ था। एकल पीठ का आदेश बिल्कुल सही है। बता दें कि एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार और कांग्रेस नेता सुरेश बैठा ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। सुरेश बैठा की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि समरी लाल के पूर्वज कामकाज के लिए राजस्थान से झारखंड आए थे। समरी लाल राजस्थान के भंगी समुदाय से हैं। उन्होंने गलत जाति प्रमाण पत्र पर अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र कांके से चुनाव लड़ा। इसको लेकर सुरेश बैठा ने चुनाव याचिका भी दाखिल की है। बता दें कि एकल पीठ ने जाति छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने के आदेश को खारिज कर दिया।

## देवघर एम्स में मूलभूत सुविधाओं के मामले में मुख्य सचिव व एम्स डायरेक्टर को एक सितंबर को उपस्थित रहने का निर्देश

**RANCHI :** देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव एवं एम्स देवघर के डायरेक्टर को अगली सुनवाई 1 सितंबर को कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने राज्य सरकार की ओर से पूर्व में दायर शपथ पत्र पर का प्रत्युत्तर दिया। उनकी ओर से कहा गया कि मामले में पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, फायर विभाग सहित अन्य विभागों ने अलग-अलग जवाब दाखिल किया है, लेकिन इन जवाबों में एम्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं का सटीक जवाब नहीं मिल रहा है। सरकार के सक्षम अधिकारियों द्वारा देवघर एम्स को लेकर प्रार्थी द्वारा उठाए गए समस्याओं पर स्पष्ट जवाब आना चाहिए था। इसके बाद कोर्ट ने देवघर एम्स निदेशक और मुख्य सचिव को वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई एक सितंबर निर्धारित की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। दरअसल, राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने मामले में शपथ पत्र दाखिल किया है, इसमें बताया गया है की एम्स ने अपना गेट का स्थान नहीं बताया है। इस कारण एम्स के लिए अप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है। प्रार्थी ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। एम्स देवघर की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। याचिका में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है देवघर एम्स में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उनकी ओर से कोर्ट से देवघर एम्स के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, पहुंच सड़क, फायर ब्रिगेड वाहन आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

## टी शर्ट और टॉफी बांटने के मामले में सरकार ने रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए मांगा समय

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में 2016 में तत्कालीन रघुवर सरकार के कार्यकाल में राज्य स्थापना दिवस पर टी शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि इस मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो में पीई (प्रारंभिक जांच) दर्ज की गई थी। इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय दिया जाए। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले के अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13- 14 नवंबर को स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी गयी। इसके अगले दिन ही 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल कर इस पर सवाल उठाया है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ था, जिसमें से साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये से टॉफी खरीदी गयी थी। लल्ला इंटरप्राइजेज जमशेदपुर और कुदू फैबरिक्स को आपूर्ति का काम मिला था। टी शर्ट और टॉफी की आपूर्ति उन्होंने 13-14 नवंबर को की। इसके अगले दिन ही इसे राज्य भर के 10 हजार स्कूलों के बच्चों में बांट देना सत्यता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।

### फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर कराने का मामला

## केंद्र व राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए मांगा समय

**RANCHI :** राज्य में 512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर करवाने के मामले में झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेट राइट की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए हाई कोर्ट से समय मांगा। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के गृह सचिव को 512 युवाओं के सरेंडर मामले में सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिस पर कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकार से पूछा था कि क्या सरेंडर कराए जाने वाले 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पुराने जेल कम्पाउन्ड जेल रोड रांची में रखकर प्रशिक्षण दिलाया गया। क्या उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की कानूनी वैधता थी।

## धान खरीद में गड़बड़ी की जांच की मांगी जानकारी

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को धान खरीद गड़बड़ी की जांच की नवीनत जानकारी देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने तीन सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले की जांच करायी जा रही है, जो अभी जारी है। इस पर अदालत ने सरकार को अद्यतन जानकारी पेश करने का निर्देश दिया। इस संबंध में अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि राज्य में पलामू समेत कई जिलों में धान खरीद में बड़ी गड़बड़ी की गई है। धान की खरीद-फरोख्त में जिला से लेकर राज्य स्तरीय अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि जिस किसान के पास एक एकड़ जमीन है, उसने 300 क्विटंल धान बेचा है। इसी प्रकार की गड़बड़ी अन्य जिलों में भी की गई है। गड़बड़ियों की शिकायत पलामू के उपायुक्त समेत राज्य के वरीय अधिकारियों से की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## चंदन डैम से गोड्डा को पानी मुहैया कराने को लेकर हाईकोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा- गाद हटाने के लिए क्या उपाय करेंगे

### सांसद निशिकांत दुबे ने सिंचाई के लिए पानी मुहैया कराने के लिए दायर की है याचिका

**RANCHI :** बिहार के बांका के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बिहार सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा है कि चंदन डैम में जो सिल्ट( गाद) जमा हो गए हैं, उसे हटाने के लिए क्या किया जाएगा। इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि चंदन डैम में 75% गाद भर गया है। इससे इस डैम की पानी की जमा रखने क्षमता मात्र 25% ही रह गई है। दरअसल, बिहार सरकार ने चंदन डैम से झारखंड को पानी देने में असमर्थता जताई है। वही झारखंड सरकार का कहना है कि उसे इस डैम से पानी मिलना चाहिए, ताकि गोड्डा में सिंचाई हो सके। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि चंदन डैम में 6 कैनाल सिस्टम है, जिनमें 4 कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं तथा दो बिहार में आते हैं।

## राज्य में आज से MONSOON फिर होगा सक्रिय, YELLOW अलर्ट जारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मौसम केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड में मॉनसून की गतिविधि अभी कमजोर है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। जबकी एक- दो स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज की गई। सबसे अधिक 708 एमएम बारिश जामताड़ा में दर्ज की गई। सबसे अधिक तापमान 34.6 सेल्सियस गोड्डा का रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 23.6 सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया।

**12 से 15 अगस्त को इन हिस्सों में होगी भारी बारिश**

रांची मौसम केंद्र के पूवार्नुमान के अनुसार, झारखंड के उत्तर पूर्वी देवघर, धनबाद, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा,जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ के कुछ स्थानों पर 15 अगस्त तक गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वज्रपात की आशंका देखते हुए मौसम विभाग ने 15 अगस्त तक येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधान किया है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे इस मौसम में सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें। पेड़ों के नीचे ना रहें और बिजली के पोल से दूर रहें। विभाग ने किसानों से भी खास अपील की है कि वे खेतों में तब तर ना जाएं जबतक मौसम सामान्य नहीं हो जाता। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की पश्चिम, मध्य और उससे सटे उत्तर आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम पर अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके साथ संबंधित चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।

## हथियार के साथ पकड़े गए पांच युवकों को पुलिस ने भेजा जेल

**RANCHI :** रांची पुलिस ने शुक्रवार को जमीन पर कब्जा करने और अवैध हथियार के साथ पकड़ने जाने के आरोप में विशाल कुमार सिंह उर्फ गोलू सिंह वैभव विकास ,विवेक रोहन आदित्य करण सिंह और अमित सुरीन को जेल भेज दिया। पुलिस को इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश है। पुलिस को उनका नाम पता मिल गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपी तुपुदाना इलाके अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने पहुंचे थे। ग्रामीणों को हथियार का भय दिखाकर जमीन लेने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि जमीन से संबंधित किसी प्रकार का मामला होगा तो पुलिस आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजेगी।

## काम पर लौटे 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी नई और पुरानी कंपनी ने कराया समझौता

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की लाइफ लाइन मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा बीते कुछ दिनों से बेपटरी हो गई थी। पिछले 4 महीना से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला था। जिस कारण विभिन्न जिलों में एंबुलेंस का संचालन ठप कर दिया गया था। वहीं शुक्रवार को पुरानी कंपनी जीकित्जा हेल्थ केयर और नई कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ वार्ता कर समझौता किया। जिसके बाद कर्मी काम पर लौटे। रांची जिले में बतौर एंबुलेंस चालक काम कर रहे



मुसर्रत ने कहा कि दोनों कंपनी के अधिकारियों ने मिलकर समझौता किया है। इसके तहत बकाया 2 महीने के वेतन का भुगतान कर दिया गया है। वहीं 1 महीने का वेतन शुक्रवार रात तक दे दिया जाएगा। बचे हुए 1 महीने का वेतन एक सप्ताह के अंदर देने का आश्वासन दिया गया है। जिसके बाद हम सभी लोगों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया है। नई कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के आ जाने के बाद पुरानी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी असमंजस की स्थिति में थे। हालांकि वार्ता के दौरान यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सभी पुराने कर्मियों की सेवा नई कंपनी लेगी। जिसके बाद रांची जिले में एंबुलेंस कर्मियों ने अपनी हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि जिले को कुल 30 एंबुलेंस का आवंटन किया गया है। पहली खेप में 18 एंबुलेंस मिली हैं। शनिवार को चार और एंबुलेंस दी जाएगी।

### तीन माह से सड़क को खोद कर छोड़ दिया, जनता को हो रही भारी परेशानी

## रांची में फोरलेन निर्माण में देरी से हो रहीं दुर्घटनाएं

**PHOTON NEWS RANCHI :** जुडको की ओर से कांटाटोली से राजभवन तक सड़क को फोरलेन बनाने का काम किया जा रहा है। इसके नाम पर जुडको मनमानी कर रहा है। इस सड़क के एक ओर पाइपलाइन बिछाने और दूसरी ओर ड्रेन व डक्ट निर्माण के नाम पर सड़क को पिछले तीन माह से खोद कर छोड़ दिया गया है। इससे यह सड़क जहां संकरी हो गयी है। वहीं, दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। ड्रेन व डक्ट बनाने के लिए लगाये गये छड़ों को भी खुला छोड़ दिया गया है। कचहरी चौक से एसबीआइ मोड़ के बीच तीन


सड़क किनारे गड्ढा खोदने के कारन सड़क पर लग रही जाम।

माह से नाली का काम चल रहा है। नाली निर्माण के नाम पर सिर्फ गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है। इस वजह से यहां जाम तो लग ही रही है। दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि हल्की बारिश में भी यह गड्ढा पानी से भर जाता है। गड्ढा में छड़ भी बाहर निकला हुआ है। ऐसे में जल्द काम पूरा नहीं किया गया, तो बड़ा हादसा हो सकता है।

**मजदूर की जा चुकी है जान**

हरिहर सिंह रोड में सड़क किनारे किये गये ऐसे ही एक गड्ढे में आकाश भुइयां नामक मजदूर की जान चली गयी। वह बुधवार को पाइपलाइन की मरम्मत के लिए गड्ढे में उतरा था। गड्ढे में उतरने के साथ ही अगल बगल की गिली मिट्टी उसके ऊपर गिर गयी और उसमें दब कर उसकी मौत हो गयी। जाकिर हुसैन पार्क से लेकर कचहरी चौक तक की सड़क फोरलेन होगी। जाकिर हुसैन पार्क के पास से रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर बन रहा है। यहां पर गाड़ियों के चढ़ने और उतरने के लिए रैंप का निर्माण होगा। ऐसे में यहां पर होने वाली भीड़ को देखते हुए आगे की सड़क को फोरलेन किया जायेगा। एनएचएआइ की ओर से फोरलेन निर्माण के लिए काम शुरू किया जाना है। सड़क को फोरलेन करके बीच में डिवाइडर का निर्माण किया जायेगा, जिससे जाम न लगे और गाड़ियां सीधे एलिवेटेड कॉरिडोर पर चढ़ सके।

## ठगों को पकड़ने के लिए पूरे शहर में चला चेकिंग अभियान

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं के साथ ठगी करने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए शुक्रवार की सुबह शहर में चेकिंग अभियान चलाया। कई संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की गई। हालांकि अपराधी पुलिस की पकड़ में नहीं आएं। बाइक पर सवार युवक शहर में लगातार बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। पुलिस के पास ठगों का फोटो है। इस वजह से पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही ठग पुलिस की गिरफ्त में होंगे। ठग जिस बाइक से घूम रहे हैं पुलिस का उसका नंबर मिल गया है। पुलिस बाइक के नंबर का सत्यापन कर रही है। नंबर का डिटेल निकल जाएगा तो पुलिस को इस बात की जानकारी मिल जाएगी कि बाइक किस पता का है। इसके बाद पुलिस आसानी से ठगों तक पहुंच सकती है। पुलिस ने लोगों से अपील की किया है कि सुबह के वक्त संदिग्ध हालात में किसी को घूमते देखें तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह लालपुर, कोकर, डोरंडा, बरियातू, चुटिया और गोंदा इलाके में विशेष रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस इलाकों में सुबह के वक्त महिलाएं ज्यादा निकलती हैं। ठग भी इसी इलाके में बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बना रहे हैं।

BRIEF NEWS

### 15 अगस्त को अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराएं : सत्यवंती देवी

**BHURKUNDA:** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को ग्रामीणों को हाथ में गांव की मिट्टी देकर देशभक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के महत्व को साझा करते हुए बताया कि देश के स्वतंत्रता सेनानी, वीर शहीद एवं बहादुर सेना के जवानों को नमन करना हमसबों के लिए गौरव की बात है। ऐसे कार्यक्रमों से देशवासियों में सेना के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जागृत होगी। मुखिया ने ग्रामीणों को अमृत महोत्सव के तहत आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। ताकि हमसभी अपने राष्ट्रीय झंडे के माध्यम से देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकें। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, उपाध्यक्ष कुणाल किशोर सिंह, सचिव विनय कुमार, जल सहिया छुबि देवी, पंचायत सचिव सागर कुमार, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, वीणा देवी, रेणुका देवी, दयामुनी मुर्मू, सेविका किरण सिन्हा, रंजू सिंह, मंजू देवी, आतोषी मुखर्जी, शकुंतला देवी, रंथी कुमारी, ईसरत जहां, मुनारा देवी, बबलू उर्फ भरत, राजकुमार गौड़, बाली चरण गोराई, पूजा देवी, रेनू कुमारी, मीना देवी, सोनी देवी, श्यामली सिन्हा, रोशनी देवी, जिमला देवी, विप्लव कुमार, बिरसा उरांव, भगवान दास सहित दर्जनों ग्रामीणा मौजूद थें।

### पर्यावरण संरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा : सोनामती देवी

**BHURKUNDA:** बीचा पंचायत में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत पंचायत की मुखिया सोनामती देवी ने पंचायत भवन परिसर सहित पंचायत के अन्य क्षेत्रों में दर्जनों फलदार व छायादार पौधे लगाकर लोगों को इसके संरक्षक के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर जल संरक्षण, पौधारोपण करने व प्रकृति की रक्षा का सामुहिक संकल्प लिया। मौके पर उपमुखिया सुनील सिंह, पंचायत सचिव सरयु महतो, रोजगार सेवक तिम्बु उरांव, वार्ड सदस्य महावीर मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि देवनारायण बेदिया, बैजू बेदिया, बलेश बेदिया, मनोज बेदिया, रविन्द्र बेदिया सहित दर्जनो ग्रामीण मौजूद थें।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण पौधरोपण व प्रकृति की रक्षा का लिया गया संकल्प

**BHURKUNDA:** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सौन्दा डी पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर शुक्रवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रवीण नायक, उपाध्यक्ष रामवृक्ष कुमार भुंइया, सचिव आदित्य कुमार चुने गये। वहीं 11 सदस्यीय कार्यकारिणी में सन्नी बारला, निखिल कुमार महली, रोहित कुमार उरांव, अरमान अंसारी, संजय महली, प्रेमदीप दास, सूरज मुंडा, विजय कश्यप, आशीष, विकास, सुनील शामिल हैं। मौके पर मुखिया उपेन्द्र शर्मा ने सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के चुने गए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पूरे कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस गठन से खेल, कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी।

# दहेज हत्या मामले में पति और गोतनी को दस साल की सजा

## साक्ष्य के आधार पर पलामू व्यवहार न्यायालय ने सुनाया फैसला

**PHOTON NEWS PALAMU:** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में सजा सुनाई है। रेहला थाना अंतर्गत कुंडी निवासी पति इरशाद खान उर्फ सोनू खा और गोतनी सीमा बीबी को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी है। इस मामले में मेराल थाना के टिकुलिया निवासी मेहंदी हुसैन खा ने छह लोगों के खिलाफ रेहला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में बताया गया कि इरशाद खां की शादी सूचक की बेटी लैला खातून उर्फ गुलबसा खातून के साथ मुस्लिम रीति से 3 मई 2018 को हुई थी। शादी में लगभग दो लाख 75 हजार रुपये का सामान और मोटरसाइकिल दिया गया था। साथ ही दो लाख 65 हजार रुपये का गहना दिया गया था।



**क्या है पूरा मामला**

शादी के बाद पति और ससुरालवाले लैला खातून से 50 हजार रुपये और दहेज मागने लगे। उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। फिर बाद में 50 हजार रुपए भी दिये गये। मांग पूरी होने पर कुछ दिनों तक उसके पति ने लैला खातून को ठीक से रखा। लेकिन इसके बाद उसे फिर प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि पति का अवैध संबंध भाभी सीमा बीवी के साथ था। 13 अप्रैल 2020 को लैला खातून की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत गला दबने के कारण और दम घुटने से बताई गई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति इरशाद खान और गोतनी सीमा बीबी को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

## झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम का ट्रायल हुआ संपन्न

**PHOTON NEWS RAMGARH:** छावनी परिषद रामगढ़ में स्पोर्ट्स एसोसिएशन फॉर दा डिसेब्लड एवं दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में एक दिवसीय ट्रायल किया जिसमे झारखंड राज्य के कई जिलों के दिव्यांग भाग लिए। इससे पूर्व बोर्ड के सचिव अतहर अली ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त उद्घाटन किया,सभी खिलाड़ियों ने अपना अपना परिचय देते हुए अतिथि को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस बाबत अतहर अली ने बताया कि झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम आगामी अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष पर तमिलनाडु के कोयंबटूर में त्रिकोणीय सीरीज में भाग लेगी जो दिनांक 26 अगस्त 2023 से लेकर 27 अगस्त 2023 तक होगा जिसमें झारखंड टीम शिरकत करेंगी। जिसमें चयनकर्ता के रूप में , भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार, एवं तथा झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच कमरुल हसन मौजूद रहे, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी इन दिव्यांग क्रिकेटरों का चयन हुआ जो इस प्रकार है।



**चयनीत क्रिकेटर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. राजेश कुमार (कप्तान) | बोकारो | 11. अजहर | गिरिडीह |
| 2. बबलू गोप | बोकारो | 12. सुनील कुमार | चतरा |
| 3. फागू करमाली | रांची | 13. प्रमोद कुमार | बोकारो |
| 4. विनोद कुमार महतो | रामगढ़ | 14. रंजन कुमार | सिमडेगा |
| 5. शकुनि मुंडा | रामगढ़ | 15.संदीप करमाली | टीम मैनेजर |
| 6. राजेश कुमार | हजारीबाग | 16. कमरुल हसन | टीम कोच |
| 7. भरत कुमार | धनबाद | 17. डॉक्टर लाल देव | टीम फिजियोथैरेपी |
| 8. मुदस्सिर खान | जामताड़ा | 18. अतहर अली | मेंटर |
| 9. भूपेश कुमार | लातेहार | | |
| 10. मंगल मुंडा | रामगढ़ | | |

# स्वस्थ कोयलांचल जिम के युवक-युवतियों की पटेलनगर में हुई बैठक

## स्वतंत्रता दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा निकालने का लिया निर्णय

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित स्वस्थ कोयलांचल जिम में देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिम के संचालक सह ट्रेनर सत्यनारायण ठाकुर और संचालन उदय वर्मा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वस्थ्य कोयलांचल जिम में झंडोतोलन के बाद युवक-युवतियां भारी संख्या में तिरंगा यात्रा निकालेंगे। लगभग 700 फीट के झंडे के साथ तिरंगा यात्रा सयाल मोड़ से प्रारंभ होगा। जो पटेलनगर, पेट्रोल पंप, शास्त्री चैक, बिरसा चैक, जनता टॉकिज, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए थाना मैदान भुरकुंडा पहुंचेगा। जहां कोयलांचल के कई जिम के पावर लिफ्टींग प्रतियोगिता के दस टॉपरों को पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर निलीमा श्रीवास्तव, रिया दूबे, स्नेहा कुमारी, पल्लवी कुमारी, संस्कृति कुमारी, शुभम सिंह, आदित्य सोनी, लक्ष्मीकांत सिंह, गोलू सिंह, विवेक वर्मा, सुल्तान, पुष्कर कुमार, जयवीर बेदिया, राहुल गुप्ता, दीपक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित युवक-युवतियां • फोटोन न्यूज

# उत्पाद विभाग ने स्थानीय पुलिस के साथ कांड्रा में देररात की छापेमारी

## 1046 पेटी, 90 लाख की अवैध विदेशी शराब हुई बरामद

**PHOTON NEWS BOKARO:** उत्पाद विभाग की टीम ने 10 अगस्त की रात छापेमारी कर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के कांड्रा में रखी गई 90 लाख रुपये की विदेशी शराब को बरामद किया है। बताया जाता है कि पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के कांड्रा गांव में एनएच 32 के किनारे टीन के बने गोदाम में शराब का स्टाक जमा होने की सूचना उत्पाद विभाग को मिली थी। इस सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम देररात यहां पहुंची और गोदाम में लगे ताले को तोड़कर छापेमारी शुरू की। गोदाम के अंदर अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब की बोतलों से भरे कुल 1046 कार्टन रखे थे। अवैध शराब के इतने बड़े स्टॉक को देखकर छापेमारी टीम के होश उड़ गए। रात में ही शराब के सभी कार्टन को बरामद कर विभाग के गोदाम में लाया गया। बरामद शराब की कीमत 90 लाख रुपये आंकी गई है।



शराब बरामद करती उत्पाद विभाग की टीम • फोटोन न्यूज

**उत्तम महथा पर दर्ज हुई शराब तस्करी की प्राथमिकी**

उत्पाद विभाग की ओर से गोदाम शराब तस्कर उत्तम महथा का बताया गया है। वह कांड्रा गांव का ही रहने वाला है, जो छापेमारी की भनक लगते ही फरार हो गया। इस मामले में उत्पाद विभाग ने उत्तम महथा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तम महथा का कई शराब माफियाओं से संपर्क है। वह लगातार शराब की बड़ी खेप लाकर यहां स्टोर कर रहा था। इस शराब की आस-पास के इलाकों सहित दूसरे राज्यों में भी सप्लाई करने की योजना थी। लेकिन मामले की जानकारी उत्पाद विभाग तक पहुंच गई। छापेमारी में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक कृष्णा प्रजापति, रवि रंजन और दीपिका कुमारी के साथ स्थानीय थाना की पुलिस भी शामिल थी।

# वैश्य मोर्चा ने सम्मेलन सह केंद्रीय बैठक किया आयोजित

## 27% आरक्षण के लिए आंदोलन तेज करने का लिया निर्णय




**PHOTON NEWS RAMGARH:** शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा रामगढ़ के गोला रोड़ स्थित तुलसी स्मृति भवन में वैश्य क्रांति सम्मेलन सह केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित किया गया। सम्मेलन में रामगढ़ सहित रांची, हजारीबाग, चतरा, बोकारो, धनबाद आदि जिलों के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से संकल्प पारित कर घोषणा की गयी कि ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों- व्यवसायियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की सुरक्षा एवं सम्मान आदि मुद्दों को लेकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह भी तय किया गया कि डॉ. राममनोहर लोहिया के पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को रांची में 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व सभी केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में सम्मेलन एवं बैठक का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं वैश्य हूँ और वैश्यों के साथ-साथ ओबीसी की भी लड़ाई लड़ रहा हूँ। हम किसी जाति या समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ओबीसी का 27% आरक्षण पर संवैधानिक अधिकार है। इसका कोई विरोध करता है तो वह वैश्य ही नहीं, बल्कि ओबीसी विरोधी भी है।

# पवन यादव हत्याकांड पर हमलावर हुए रघुवर दास, ट्वीट कर के मुआवजा देने की अपील

## फास्ट्रैक कोर्ट में चले पवन के हत्यारोपियों का केस, वरना होगा उग्र आंदोलन : दीपक मिश्रा

- प्रशासन और सरकार के ढुलमुल रवैए पर हिंदू संगठन करेंगी मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**PHOTON NEWS RAMGARH:** एक अगस्त के रात्रि में हुए पवन यादव की हत्या पर प्रशासन का ढुलमुल रवैया अपनाने और केस आईओ द्वारा पीड़ितों का संज्ञान नहीं लिए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठन के दीपक मिश्रा ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की अलीमुद्दीन और तबरेज जैसे अपराधियों की मौत पर हाय तौबा मचाने वाले तब के विपक्षी दल के नेता हेमंत सोरेन ने सरकार पर मामले को फास्ट्रैक में चलाने का दबाव बनाया था और कांग्रेस सहित सभी सेकुलर कहे जाने वाले नेताओं ने मुआवजा के रूप में लाखों रुपए और नौकरियां दिलवाई थी । पर आज सत्ता में रहने पर भी यही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके तथाकथित सेकुलर घटक दल एक गरीब हिंदू परिवार के पुत्र को एक अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे परिवार जो आदतन अपराधी भी है उनके द्वारा षड्यंत्र रचकर निर्दयता से चुकुओं से गोद कर मार डाला तो सब चुप हैं ।बल्कि ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी की मामले को ढंकने और हल्का करने हेतु सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है । नही तो क्या कारण है की जिस मकान में हत्यारोपी छुपा था अथवा उसके जिस मकान से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया उसकी अभी तक पूर्ण रूप से तलाशी भी नही ली गई है ? और न हीं इस हत्या के लिए उसकाने वाले उसके आरोपी पिता नौशाद हसन को हीं गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा की इसके विरोध में रामगढ़ जिले के सभी हिंदू संगठन और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शनिवार को अपराह्न 3 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर न्याय के लिए अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। इस अवसर पर मृतक के पिता शरद यादव ने कहा की थाने से मुझे न्याय की उम्मीद नहीं रही। वहीं मृतक के भाई ने भी अपने बयान में बताया की केस आईओ को फोन करने पर न तो वो फोन उठाकर कोई जवाब देते है,और न हीं घंटों थाने में बैठने के बाद भी उनसे मुलाकात होती है। इस अवसर पर वार्ड नंबर 6 के मुखिया पति रमेश महतो ने कहा की अगर जल्द हीं पुलिस प्रशासन सभी दोषियों को गिरफ्तार कर उन्हे जेल नही भेजती तो थाना को भी इसका विरोध झेलने के लिए तैयार रहना होगा। व्यवसाई सह समाज सेवी संजय बनारसी ने भी इस मामले पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा की एक समय था जब अलीमुद्दीन कांड के बाद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी तक उनके घर के आसपास के क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था और आरोपियों के परिजनों को भी जब तब उठा कर घंटों थाने में बिठाए रखते थे। पर आज जब हत्या एक हिंदू की हुई है तब प्रशासन के साथ वो नेता भी चुप्पी साधे हैं जो अपराध में भी धर्म ढूंढ कर कार्यवाही करने के लिए जाने जाते हैं। इस मौके पर पीड़ित परिवारजनों के साथ शनिवार को पुतला दहन कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,आजसू नेता नीरज मंडल,श्रीराम सेना के विशाल जयसवाल एवं पड़ोसी रमेश महतो इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

**विशेष**

हिंदू संगठनों के आवाज को बुलंद करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर जल्द कार्यवाही करने एवं पीड़ित परिवार को पचास लाख मुआवजा के साथ एक नौकरी देने की बात कही है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक

# प्रदूषण नियंत्रण मानकों की अवमानना करने वाले कारखानों पर तत्काल रूप से करें FIR : DC

- नियमित रूप से प्रदूषण नियंत्रण प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने वाले कारखानों से स्पष्टीकरण पूछने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RAMGARH:** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा के क्रम में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। इस संबंध में उपायुक्त ने तीन दिनों के अंदर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा विगत 6 महीनों में राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को उपलब्ध कराए गए सभी जांच प्रतिवेदनों की कॉपी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जांच के दौरान किसी भी कारखाने द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं करने संबंधित कोई भी मामला सामने आने पर तत्काल एफ आई आर दर्ज करने का निर्देश दिया।



बैठक में उपस्थित रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार व अन्य कर्मी • फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को तत्काल रूप से जिले में संचालित सभी कारखानो, कारखानों में लगाए गए ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम यथा पीएम10 एनालाइजर, सीईएमएस आदि, ऑनलाइन मोनिटरिंग सिस्टम की वर्तमान स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था होने के बावजूद कारखाने से निकलने वाले काले धुएं एवं फैलने वाले प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को कारखाना संचालन के दौरान पूरे समय प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों का का काम करना सुनिश्चित करने एवं सही तरीके से इसकी जांच संभव हो से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

कारखानों के सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कारखाने द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना वेस्ट डंप ना किया जाए। इस संबंध में उपायुक्त में औचक रूप से कारखाने की जांच करने एवं अवमानना करने वाले कारखानों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कारखानों के संचालन में सख्ती से नियमों का पालन करते हुए ही पानी का इस्तेमाल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिन कारखानों द्वारा नियमित रूप से प्रदूषण नियंत्रण प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारखानों व रेलवे साइडिंग में अनिवार्य रूप फायर सेफ्टी सिस्टम का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सभी कारखाना संचालकों व प्रतिनिधियों को संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों को स्थापित करने, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन आदि के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**अनुशासन ही इंसान को महान बनाता है : प्रवीण राजगढ़िया**

# अग्रसेन स्कूल में हुआ नई छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह



प्रमाण-पत्र के साथ छात्र-छात्राएं • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें नए छात्र कैबिनेट में चयनित हेड बॉय अंकुश कुमार सिंह, हेड गर्ल अंशु रतन, डिप्टी हेड बॉय आदर्श बर्मन, डिप्टी हेड गर्ल मुजदा खान, मदर टेरेसा हाउस के कैप्टन मो बासित हुसैन, रोहिणी कौशल, वाईस कैप्टन आयुष कुमार, कुमारी ओणम, सीवी रमन हाउस के कैप्टन तुषार कुमार सिंह, अध्या गौरी, वाईस कैप्टन सागर पांडेय, समृद्धि कुमारी, आरएन टैगोर हाउस के कैप्टन प्रिंस कुमार सिंह, आरुषि कुमारी, वाईस कैप्टन अंशु कुमार, प्रतिज्ञा कुमारी, बिरसा मुंडा हाउस के कैप्टन कृष कुमार, श्रेया कुमारी, वाईस कैप्टन नवीन कुमार, प्राची उरांव को अपने कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई। सभी को प्रमाण-पत्र दिया गया। शपथ के उपरांत बच्चों ने मार्च पास्ट किया और स्कूल ध्वज को सलामी दी। मौके पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जीवन में अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनाता है। अनुशासन की नींव मजबूत बनाने के उद्देश्य से ही इस कैबिनेट का गठन हुआ है। हमारी कोशिश शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनाने की भी है। गलतियों से सीख लेकर अपनी कमियों को दूर करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। मौके पर हाउस इंचार्ज साधना सिन्हा, नदीम सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

BRIEF NEWS

## गांव में घुसा हाथीयों का झुंडा, दहशत में ग्रामीण



**SUNDARGARH:** जिले में हाथियों से ग्रामीणों के जानमाल पर आफत है। हाथी के झुंड गांव के पास जंगल में रहते है। वे रात में गांव में घुस आते थे। घरों को ध्वस्त करते और फसलों को नष्ट कर देते थे। परंतु शुक्रवार को हाथियों के झुंड गांव में दिन में ही घुसने लगे है। हाथियों के झुंड के गांव में प्रवेश करने की कोशिश देखकर लोग दहशत में है। पिछले 4 दिनों से हाथी सुंदरगढ़ सदर वन रेंज के अंतर्गत महुलजोर, किंजिरमा, घांटीबूड़ा इलाकों में घरों और फसलों को नष्ट कर रहे हैं।

## आरएसपी में ठेका श्रमिक पुरस्कृत



**ROURKELA:** राउरकेला स्टील प्लांट के मुख्य महा प्रबंधक (कोक ओवन) कार्यालय में शुक्रवार को ठेका श्रमिकों के लिए ह्यत्वरित पहचान योजना के तहत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य महा प्रबंधक (सीओ-सीसीडी) तुलाराम बेहेरा ने समारोह की अध्यक्षता की और कोक ओवन के विभिन्न अनुभागों में ठेका कर्मचारी मनोज मिंज को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अमृत युवा कलोत्सव का समापन, कलाकारों ने किया गीत-संगीत ने मुग्ध



**ROURKELA:** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली और राउरकेला स्टील प्लांट के सहयोग से सिविक सेंटर, राउरकेला में आयोजित हो रहे अमृत युवा कलोत्सव का समापन हो गया। आरएसपी के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) एसआर.सूर्यवंशी समापन संध्या के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर दीपिका महिला संघती की उपाध्यक्षा हर्षला सूर्यवंशी उपस्थित थे। अमृत युवा कलोत्सव ने विभिन्न कला रूपों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध विविधता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में देश भर से सौ से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। इस दौरान एसआर सूर्यवंशी ने कहा कि राष्ट्र के भीतर सांस्कृतिक समावेशिता को ऐसे अनूठे उत्सव से ही संभव किया जा सकता है। कार्यक्रम में चेन्नई से हरित नारायण और उनकी मंडली द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले कर्नाटक संगीत, नई दिल्ली से अभ्यास के कलाकारों द्वारा एक शानदार कथक प्रस्तुति, पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा एक उच्च लयबद्ध पुरुलिया छउ नृत्य एवं तेलंगाना के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक आकर्षक कढेई-नृत्य सहित मनमोहक प्रदर्शन शामिल थे।

## इसरो के वैज्ञानिकों ने किया एनआईटी, राउरकेला का दौरा



**ROURKELA:** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी ऊष्मायन केंद्र (एसटीआईसी), एनआईटी राउरकेला की तीसरी संयुक्त प्रबंधन समिति की बैठक संस्थान परिसर के एफटीबीआई सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आठ वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बैठक में भाग लेने और चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए एनआईटी राउरकेला का दौरा किया।

## राउरकेला में फाइलेरिया रोकथाम अभियान शुरू



**ROURKELA:** शहर में शुक्रवार से फाइलेरिया रोकथाम अभियान शुरू हो गया। एडीएम राउरकेला सह आयुक्त आरएमसी डॉ. शुभंकर महापात्र ने स्वयं दवा खाकर शहर स्तरीय जन औषधि प्रशासन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर निगम के अन्य कर्मचारियों ने भी दवा खाई।

# भाजपा नेता अभय सिंह की जमानत नामंजूर, निर्भय व दिलीप सिंह की गिरफ्तारी पर रोक

## सिंह बंधुओं की मुश्किलें बढ़ी, कदमा शास्त्रीनगर उपद्रव में भी जिला कोर्ट से जमानत नामंजूर होने पर हाईकोर्ट से मिली थी जमानत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** भाजपा नेता अभय सिंह को बड़ा झटका लगा है। एडीजे-4 कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा नेता अभय सिंह के जमानत नामंजूर की। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पुलिस से केस डायरी के अध्ययन के बाद यह फैसला किया। मानगो के बिल्डर मोहम्मद सागीर ने भाजपा नेता अभय सिंह, निर्भय सिंह व दिलीप सिंह के खिलाफ हथियार के बल पर कार्यालय में बुलाकर 2-5 लाख रुपये रंगदारी वसूलने, मारपीट करने, हथियार दिखाकर धमकाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। इस केस में आरोपी निर्भय सिंह व दिलीप सिंह की गिरफ्तारी पर लगी रोक कोर्ट ने हटा दी है। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से वकील प्रकाश झा ने बहस की। मोहम्मद सागीर ने एफआइआर में बताया था कि स्वर्गीय जीत नारायण सिंह की जमीन उन्होंने फ्लैट बनाने के लिए साल 2012 में ली थी, लेकिन फ्लैट बनाने से रोकने, फिर काम करने देने के नाम पर भयादोहन करने, हथियार के बल पर रंगदारी वसूली करने के मामले में अभय सिंह सहित तीनों भाइयों के लोग से बिल्डिंग मटेरियल बाजार मूल्य से तीन गुना ज्यादा मूल्य में खरीदने आदि आरोप लगाया था। इतना ही नहीं पुलिस डायरी में अभय सिंह समेत तीनों भाइयों पर बिल्डर सागीर के साथ मारपीट करने, कपड़ा व पैट खोलकर अल्पसंख्यक की जांच करने जैसी टिप्पणी लिखी गयी। इस पर कोर्ट ने जमानत नामंजूर कर दी। इधर, बचाव पक्ष के वकील प्रकाश झा ने बताया कि इस केस में जिला कोर्ट के फैसले के खिलाफ जल्द ही हाईकोर्ट में अपील में जायेंगे।

**जमानत खारिज होते ही फीका पड़ गया उत्साह:**

इधर, अभय सिंह की जमानत की सुनवाई को लेकर घर व कार्यालय में को लेकर सुबह से ही उत्साहित थे। उनके समर्थकों को उम्मीद थी कि आज जमानत मिल जाएगी। लेकिन शाम को जमानत नामंजूर होने की वकील से सूचना मिलने पर पर सन्नाटा पसर गया।

# रिलीज के पहले दिन गदर-2 और ओएमजी-2 में हुई जबरदस्त टक्कर

## सिने प्रेमियों के बीच दोनों फिल्मों को देखने को लेकर दिखा जबरदस्त उत्साह






रीना प्रसाद, आदित्यपुर




अंकिता, मानगो



एसके नायक




वरुण कुमार, मानगो



सुमन सिंह, डिमना

**PHOTON NEWS JAMSEDPUR:** सिने प्रेमियों के लिए शुक्रवार का दिन बहुत रोमांच भरा रहा। बॉलीवुड के दो बड़े कलाकारों की फिल्में रिलीज हुईं। दर्शकों में दोनों फिल्मों को लेकर बहुत उत्सुकता थी। दोनों फिल्मों में जबरदस्त टक्कर होने का अनुमान पहले से ही लगाया जा रहा था। हुआ भी कुछ ऐसा ही। रिलीज होने के दिन दोनों फिल्मों को दर्शकों का जबरदस्त रेस्पांस मिला। सनी देओल की गदर-2 पूरे देश में 3500 स्क्रीन पर रिलीज हुई। वहीं अक्षय कुमार की ओएमजी-2 का दो हजार स्क्रीन पर प्रदर्शन हुआ। यदि सिनेमा घरों में उमड़े दर्शकों की मानें तो दोनों फिल्मों के बीच जबरदस्त टक्कर रही पहले दिन। पूरे सप्ताह नजारा कुछ ऐसा ही दिखते रहने की संभावना भी जताई गई। वैसे झारखंड की औद्योगिक राजधानी की पहचान रखनेवाले शहर जमशेदपुर की बात की जाए तो पहले दिन गदर 2 फिल्म देखने की उत्सुकता ज्यादा दिखाई दी। वहीं ओएमजी-2 के लिए गदर-2 की तुलना में थोड़े दर्शक कम मिले। अगर हम जमशेदपुर स्थित सीनेपोलिस सिनेमा हॉल की बात करें तो गदर -2 चार स्क्रीन पर रिलीज हुई। वहीं ओएमजी-2 दो स्क्रीन पर रिलीज हुई। हालांकि दोनों फिल्में पहले दिन हाउसफूल चलीं। जानकारी के अनुसार अगले सात दिनों तक गदर 2 की टिकटों की अग्रिम बुकिंग हो चुकी है। वहीं ओएमजी-2 के लिए भी अग्रिम बुकिंग चल रही है। फिल्म देखने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। द फोटोन न्यूज की टीम फिल्म देखने जाने वालों से पहले भी बातचीत की और फिल्म देखने के बाद भी। अधिकांश लोग गदर -2 के लिए ज्यादा उत्साहित दिखाई दिये। सभी वर्गों के लोगों में फिल्म देखने को लेकर उत्साह दिखा। लोग गदर - 2 फिल्म की काफी तारीफ कर रहे थे। बताया कि सनी देओल की एक्शन व डायलॉग बहुत ही जबरदस्त है। कुछ लोगों ने बताया कि सनी देओल की कई साल पहले बनी फिल्म गदर एक प्रेम कथा से भी यह फिल्म अच्छी बनी है तो कुछ लोगों का कहना था कि गदर -2 से ज्यादा अच्छी गदर एक प्रेम कथा थी। हालांकि फिल्म देखने वाले के चेहरे बयां कर रहे थे कि उन्होंने गदर - 2 को ज्यादा एंजॉय किया।

**फिल्मों को लेकर कैसी रही दर्शकों की प्रतिक्रिया।**

मैं नैरोबी में रहती हूं। अपने मायका जनशेदपुर आई हूं। सहेली के साथ गदर 2 देखने के लिए आई हूं। गदर एक प्रेम कथा भी देखी थी। इस फिल्म को देखने के लिए काफी उत्सुक हूं।

**रीना प्रसाद, आदित्यपुर**

मुझे देशभक्ति से जुड़ी मूवी ज्यादा पसंद है।ओएमजी- 2 धार्मिक फिल्म है। मुझे एक्शन मूवी ज्यादा पसंद है। मुझे धार्मिक फिल्म ज्यादा पसंद नहीं है।

**अंकिता, मानगो**

गदर -2 बहुत जबरदस्त मूवी है। बहुत अच्छी लगी। दोबारा देखूंगा। सनी देओल के डायलॉग बहुत पसंद आये। तारा सिंह के किरदार को फिर से गदर एक प्रेम कथा की याद दिलायी।

**वरुण कुमार, मानगो**

गदर 2 अच्छी मूवी बनी है। इसने गदर एक प्रेम कथा मूवी की याद दिला दी। फिल्म सुपरहिट होगी। तारा सिंह और सकीना की जोड़ी और तारा सिंह द्वारा पाकिस्तान पर डायलॉग देखने लायक है।

**सुमन सिंह, डिमना**

ओएमजी 2 फिल्म आगे और चलेगी। क्योंकि इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ पंकज त्रिपाठी की बेहतरीन एक्टिंग है। पंकज त्रिपाठी ने उम्दा अभिनय का परिचय दिया है। इस फिल्म में सामाजिक मैसेज देने की बात की गई है।

**एसके नायक, आदित्यपुर**

## छात्र आजसू ने शहीद खुदीराम बोस को दी श्रद्धांजलि




**JAMSHEDPUR:** अखिल झारखंड छात्र संघ के कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक के नेतृत्व में मानगो चौक स्थित शहीद खुदीराम बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक ने कहा 18 वर्ष की उम्र में आजादी की लड़ाई लड़ना और इतनी ही उम्र में फांसी चढ़ जाना यह कोई मजाक बात नहीं आज जहा युवा मोबाइल और अन्य कार्य में संलग्न रहते है और आंदोलन के नाम से दूर रहते है जबकि आज सच्चे मायने में खुदीराम बॉस के मानक मूल्यों और विचारों को आत्मसार करने की आवश्यकता है 18 वर्ष की उम्र में मुजफ्फरपुर में फांसी लगाना यह दशार्ता है की इस समय के युवाओं में देश के प्रेटोनोर समाज के प्रति क्या भाव रहे होंगे यह उनकी देशभक्ति को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में जगदीप सिंह ,कामेश्वर प्रसाद, स्वाति कुमारी, शैलेश सिंह,मौसमी कुमारी ,अंकित कुमार ,अभिषेक कुमार,ईशा कुमारी , करिश्मा कुमारी, राहुल पाठक , मुकेश कुमार ,इत्यादि उपस्थित थे।

# करीम सिटी कॉलेज में स्नातक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ स्वागत समारोह




**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** करीम सिटी कॉलेज (साकची) जमशेदपुर में शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे स्नातक के नए सत्र (2023 2027) के नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए विधिवत तथा परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ जिसमें कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संख्याओं के वे विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए जिन्होंने इस साल स्नातक में नामांकन कराया है। समारोह प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेवारियों को निभाने वाले कई प्राध्यापकों ने सभा को संबोधित किया। लाइब्रेरी इंचार्ज डॉ मोहम्मद मुइज अशरफ ने बताया कि हमारी लाइब्रेरी में 60,000 से अधिक पुस्तक हैं। यहां वर्चुअल लाइब्रेरी भी है और हर प्रकार की सुविधा से सुसज्जित रीडिंग रूम है जिन से पूरी तरह लाभान्वित हुआ जा सकता है। उन्होंने बताया कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए मास्टर सॉफ्ट इस्तेमाल करते हैं जिसके द्वारा अटेंडेंस से लेकर हर प्रकार की सूचना अपने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराते हैं। डॉ यहिया इब्राहीम ने 'स्पार्क' के बारे में बताया कि यह एक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था है जिसमें छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी हुई कलात्मक प्रतिभाओं को उभरने के भरपूर अवसर प्रदान किए जाते हैं। डॉ कौसर तसनीम ने वूमेन सेल के बारे में बताते हुए कहा कि हम इस प्लेटफार्म से छात्राओं की समस्याएं सुलझाते हैं एवं महत्वपूर्ण तथा ज्वलंत मुद्दों पर अभियान चलाते हैं। एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ फखरुद्दीन अहमद ने एनसीसी का परिचय कराया। डॉ आले अली एनएसएस ऑफिसर ने एन एस एस के महत्व पर प्रकाश डाला। डा उधम सिंह ने रोटरैक्ट क्लब की सेवा भावना पर प्रकाश डाला। उनके बाद वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ एमएम नजरी, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ आफताब आलम खान तथा प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ जी विजयलक्ष्मी ने सभा को संबोधित किया। मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ बीएन त्रिपाठी ने पंजीयन परीक्षा तथा एबीसी आई डी की भरपूर जानकारी मुहैया कराई। अंत में प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने सभी प्राध्यापकों से विद्यार्थियों का परिचय कराया तथा शहर के डीसी रह चुके रवि शंकर शुक्ला तथा सूरज कुमार के साथ इसरो के वैज्ञानिक जमशेद खान जैसे अपने सफल विद्यार्थियों का उदाहरण देते हुए अपने छात्र छात्राओं को जीवन में कुछ खास करने का उपदेश दिया और उन्हें अपनी दुआओं से नवाजा। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद यहिया इब्राहीम तथा प्रो साकेत कुमार ने किया। अंत में कॉलेज का तराना तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्त हुई।

# RSP ने उत्पादन बढ़ाने के लिए MN दस्तूर से किया समझौता

## रोडमैप तैयार करेगा एमएन दस्तूर एंड कंपनी




**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला स्टील प्लांट ने उत्पादन बढ़ाने के लिए रोड मैप तैयार करने हेतु मेसर्स एमएन.दस्तूर एंड कंपनी (पी) लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया। राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) ने कच्चे इस्पात की अपनी उत्पादन क्षमता को 1.5 से 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए.) तक बढ़ाने के अपने इरादे की घोषणा की है। यह विस्तार व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बीएफ-बीओएफ.) मार्ग के माध्यम से हासिल किया जाएगा। विस्तारित क्षमता न्यू स्टील मेल्टिंग शॉप-1 (एसएमएस.-1) सुविधा के भीतर की जाएगी।

इसके लिए आरएसपी. और जानी मानी मेसर्स एमएन. दस्तूर एंड कंपनी (पी) लिमिटेड के बीच एक रणनीतिक परामर्श समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। कार्यपालक निदेशक (परियोजना) पीके.साहू, मुख्य महा प्रबंधक प्रभारी (इस्पात) रामकृष्ण पात्र, मुख?य महा प्रबंधक (परियोजना) आनंद कुमार, मुख?य महा प्रबंधक (एसएमएस.-1) पिनाकी चौधरी, मुख्य महा प्रबंधक (परियोजना)प्रमोद कुमार साहू, मुख्य महा प्रबंधक (परियोजना)अनीश जमैयार, मुख्य महा प्रबंधक (परियोजना-कमर्शियल), जीएस.दास और आरएसपी से महा प्रबंधक प्रभारी (सामग्री प्रबंधन-परियोजना) आर.सहगल और मेसर्स एम.एन.दस्तूर एंड कंपनी (पी) लिमिटेड के प्रतिनिधि हस्ताक्षर समारोह के दौरान उपस्थित थे। इसके लिए व्यापक पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (प्री-एफआर) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना है। इसके अतिरिक्त, समझौते के दायरे में तकनीकी विशिष्टताओं का निर्माण, वाणिज्यिक मात्रा विश्लेषण, बोली मूल्यांकन, मूल्य मूल्यांकन और अनुबंध की तैयारी शामिल है।

## छात्राओं ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

# जमशेदपुर महिला विवि में आयोजित हुआ विश्व आदिवासी दिवस समारोह





### छात्राओं द्वारा आदिवासी सांस्कृतिक पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई

छात्राओं द्वारा झारखंड की जनजातीय पेंटिंग जिसमें वर्ली आर्ट, सोहराय पेंटिंग, अफ्रीकन जनजातीय पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगायी गई। साथ ही, झारखंड में विभिन्न जनजातीय समुदायों के खान-पान के चित्रों को भी प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग, भूगोल विभाग, हिंदी विभाग, अंग्रेजी विभाग, इतिहास विभाग, शिक्षा विभाग आदि की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन में हिस्सा लिया।

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विवि की कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता ने संबोधन में कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मूल निवासी आदिवासी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। विश्व के सभी आदिवासी समूहों के लिए अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस नई ऊर्जा और प्रेरणा लेकर आता है। विश्व का अन्य समूहों को भी वो आज के दिन पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हैं। पृथ्वी माता ने उन्हें अपने पहले संतान के रूप में स्थान दिया है, यही कारण है कि अपनी पुरातन किंतु पृथ्वी माता के ज्यादा निकट वाली वेशझभूषा और रीतिझरिवाजों के साथ लगभग हर कोने में आज भी प्रकृति के रक्षक और प्रहरी बनकर खड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक नृत्यों का आयोजन किया गया एवं रैंप वॉक के द्वारा भारत के विभिन्न जनजातीय समुदायों की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया।

# ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर अपराध बढ़ा, पुलिस चौकी स्थापना की मांग को लेकर 12 घंटे का बिलेई मुंडा बंद



**PHOTON NEWS SUNDARGARH:** जिले के ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित बिलेई मुंडा पर आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। यहां पुलिस चौकी स्थापना की मांग को लेकर शुक्रवार को 12 घंटे का बंद आहूत हुआ। सचेतन नागरिक मंच ने शुक्रवार को बिलाई मुंडा बंद करने का आह्वान किया है। कुछ दिन पहले बिलईमुंडा के रहने वाले हेमगिरी पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल प्रधान के घर हथियारबंद डकैती के बाद लोगों में नाराजगी है। बिलेईमुंडा में पुलिस चौकी नही होने के कारण हेमगिरी थाने के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचने में देरी हो जाती है। क्षेत्र में कोयला खनन के कारण परिवहन दुर्घटनाओं , डकैती और चोरी में वृद्धि हुई है। सीमावर्ती छत्तीसगढ़ के अपराधी विशेष रूप से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। यह पुलिस और आम जनता दोनों के लिए चिंता का कारण बन गया है। पुलिस चौकी स्थापित होने से अपराध पर अंकुश लग सकेगा। बिलाई मुंडा इलाके में वेदांता जमकानी कोयला खदान चल रही है जबकि कई और कोयला खदानें खोली जानी हैं।

## चुनाव के लिए नियुक्ति


मुख्य चुनाव आयुक्त सहित चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने के लिए कानून की तैयारी चर्चा में है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में देश के प्रधान न्यायाधीश की भूमिका समाप्त हो जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (सेवा-नियुक्ति शर्तें एवं कार्यकाल) विधेयक, 2023 के गुण-दोष पर विमर्श तय है। गौर करने की बात है कि यह विधेयक सर्वोच्च न्यायालय के एक हालिया फैसले की रोशनी में तैयार किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में कानूनी शून्यता का उल्लेख किया था। प्रस्ताव के अनुसार, अब जो चुनाव आयुक्त या मुख्य चुनाव आयुक्त चुने जाएंगे, उनका फैसला प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री व लोकसभा में विपक्ष के नेता मिलकर करेंगे। 2 मार्च, 2023 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में यह कहा गया था कि जब तक केंद्र सरकार भारत के चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी यथोचित कानून नहीं लाती, तब तक ये नियुक्तियां प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश व नेता प्रतिपक्ष की समिति की सलाह पर की जानी चाहिए। न्यायालय की प्रशंसा होनी चाहिए कि उसने कमी की ओर इशारा किया और अब सरकार इस दिशा में पहल कर रही है। हालांकि, यह शिकायत सामने आई है कि प्रस्तावित संशोधन से देश के प्रधान न्यायाधीश की उपेक्षा होगी, पर वास्तव में यह फैसला तो सरकार का ही है। कहीं न कहीं न्यायाधीश की नियुक्ति में भी सरकार की भूमिका होती ही है। उच्च स्तर पर होने वाली किसी भी नियुक्ति में सरकार की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता और इसे गलत भी नहीं ठहराया जा सकता। पहले भी सरकारों ने आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया और चुनाव आयोग के आकार में परिवर्तन किए हैं। संविधान के तहत साल 1950 में एक सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन हुआ था और 15 अक्तूबर, 1989 तक वह एक सदस्यीय ही रहा। तत्कालीन सरकार ने उसे बहुसदस्यीय बना दिया, लेकिन दो महीने बाद ही यह फिर से एक सदस्यीय हो गया। साल 1993 में तत्कालीन सरकार ने इसे फिर तीन सदस्यीय बना दिया। तब भी यह आरोप लगा था कि ईमानदार चुनाव आयुक्त टी एन शेषन पर लगाम कसने के लिए ऐसा किया गया है। खैर, कुछ विवाद के बाद सरकार की वह कोशिश कामयाब रही थी और आज भी चुनाव आयोग तीन सदस्यों के साथ अच्छा काम कर रहा है। लोग आयोग से उम्मीदें रखते हैं और यह सफलतापूर्वक चुनावी प्रक्रियाओं को अंजाम देता आ रहा है। अगर सरकार की मंशा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से प्रधान न्यायाधीश को अलग रखने की है, तो इसे समझने की जरूरत है। न्यायपालिका पहले से ही मुकदमों के दबाव में है, ऐसे में, प्रधान न्यायाधीश को किसी नए काम में शामिल करने या न करने का फैसला विचारणीय है। जिन लोगों को शंका है कि इससे चुनाव आयुक्तों की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है, तो ऐसे लोगों को आश्वस्त रहना चाहिए, क्योंकि चुनाव में होने वाली कोई भी कमी या गड़बड़ी अंततः न्यायालय में ही पहुंचेगी।

## एक और चुनावी कवायद

पाकिस्तान की संसद को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया है। आम चुनाव होने तक देश चलाने के लिए एक कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने के प्रयास जारी हैं। मौजूदा सरकार का कार्यकाल निर्धारित अवधि से तीन दिन पहले समाप्त हो गया है। ऐसे में पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, 90 दिनों के भीतर आम चुनाव करने होंगे। पाकिस्तान सरकार ने एक सुविचारित फैसले के तहत नैशनल असेंबली को भंग कर दिया है। चूंकि असेंबली का कार्यकाल पूरा होने से तीन दिन पहले इसे भंग किया गया है इसलिए नियमानुसार अगला चुनाव कराने के लिए 30 दिनों का अतिरिक्त समय मिल गया है। हालांकि जानकार बताते हैं कि इस बार चुनाव इस समय सीमा के भीतर भी शायद ही हो पाएं। वजह यह है कि जनगणना के ताजा आंकड़े औपचारिक तौर पर मंजूर किए जा चुके हैं। यानी अब यह संवैधानिक जरूरत हो गई है कि जनगणना के नए आंकड़ों के मुताबिक डीलिमिटेशन का काम पूरा करके ही चुनाव करवाए जाएं। चुनाव आयोग को इसके लिए करीब दो महीने का अतिरिक्त समय चाहिए होगा। नैशनल असेंबली भंग होने के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को नई व्यवस्था होने तक पदभार संभाले रहने को कहा गया है, लेकिन अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी किसे मिलती है। इस बार केयरटेकर पीएम पर सामान्य से ज्यादा जिम्मेदारी होगी जिसकी कई स्पष्ट वजहें हैं। पहली बात तो यही कि नए चुनाव कराने और निर्वाचित सरकार के कार्यभार संभालने में कोई अतिरिक्त विलंब नहीं हुआ तो भी करीब छह महीने लग ही जाएंगे। दूसरी बात, यह सब ऐसे समय हो रहा है जब पाकिस्तान अभूतपूर्व आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में इस केयरटेकर सरकार को अलोकप्रिय होने का खतरा उठाकर भी कुछ कठोर फैसले करने पड़ सकते हैं। देखने वाली बात यह होगी कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति करते समय इस राष्ट्रीय जरूरत का कितना ख्याल रखा जाता है। दूसरे शब्दों में इस पद पर किसी गहरी आर्थिक समझ वाले व्यक्ति की नियुक्ति हो पाती है या नहीं। तीसरी और सबसे अहम बात यह है कि यह चुनावी कवायद शुरू होने से चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय विपक्षी नेता बताए जा रहे इमरान खान को तोशाखाना वाले मामले में न केवल तीन साल जेल की सजा हो गई बल्कि पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने और कोई पद संभालने पर भी रोक लग गई है।

# चंद्रमा : सौंदर्य के कल्पनालोक का महानायक

ANALYSIS



हृदयनारायण दीक्षित

चन्द्रमा वैदिक काल से ही भारत का आकर्षण रहा है। लोकश्रुति के अनुसार चन्द्रमा माता पृथ्वी का भाई है। इसलिए हम सब का मामा है। प्रकृति सृष्टि के उदय के साथ ही चन्द्रमा का अस्तित्व भी प्रकट हुआ। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90.13) में कहा गया है कि विराट पुरुष के मन से चन्द्रमा और आंखों से सूर्य प्रकट हुआ - चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायतः। चन्द्रमा का सम्बंध मन से है। ऋग्वेद में चन्द्रमा भी एक देवता हैं। वे अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। ऋग्वेद (10.85.19) में कहते हैं, ये चन्द्र देवता नित्य उदित होते हैं और नवीनतम होते हैं। सूर्य देव प्रतिदिन नवीन रूप में प्रात:काल प्रकट होते हैं। वे देवों के निमित्त यज्ञ के हवि भाग की व्यवस्था करते हैं। इसी तरह चन्द्र देव सबको आनंदित जीवन और दीघार्यु प्रदान करते हैं। भारतीय काव्य परम्परा में चन्द्रमा सुंदरता बोधक हैं। कवियों ने चन्द्रमा के सौंदर्य को सुंदरता का प्रतीक बताया है। भारतीय साहित्य में भी चन्द्र सौंदर्य भरा पूरा है।

चन्द्र देव भारतीय मनीषा की जिज्ञासा हैं। वे पृथ्वी के निवासियों का आकर्षण रहे हैं। संप्रति भारत की चन्द्रमा पर पहुंचने की महत्वाकांक्षी योजना चर्चा में है। सारी दुनिया का ध्यान चन्द्र देवता पर लगा हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिभाशाली वैज्ञानिक चन्द्रयान की सफलता को लेकर पूरे मनोयोग से जुटे हैं। चन्द्रयान की सफलता के बाद तमाम नए तथ्य प्रकाश में आएँगे। चन्द्रमा का पहला चित्र आ गया है। चन्द्रमा वैदिक काल से ही भारत का आकर्षण रहा है। लोकश्रुति के अनुसार चन्द्रमा माता पृथ्वी का भाई है। इसलिए हम सब का मामा है। प्रकृति सृष्टि के उदय के साथ ही चन्द्रमा का अस्तित्व भी प्रकट हुआ। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90.13) में कहा गया है कि विराट पुरुष के मन से चन्द्रमा और आंखों से सूर्य प्रकट हुआ - चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायतः। चन्द्रमा का सम्बंध मन से है। ऋग्वेद में चन्द्रमा भी एक देवता हैं। वे अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। ऋग्वेद (10.85.19) में कहते हैं, ये चन्द्र देवता नित्य उदित होते हैं और नवीनतम होते हैं। सूर्य देव प्रतिदिन नवीन रूप में प्रातःकाल प्रकट होते हैं। वे देवों के निमित्त यज्ञ के हवि भाग की व्यवस्था करते हैं। इसी तरह चन्द्र देव सबको आनंदित जीवन और दीघार्यु प्रदान करते हैं। भारतीय काव्य परम्परा में चन्द्रमा सुंदरता बोधक हैं। कवियों ने चन्द्रमा के सौंदर्य को सुंदरता का प्रतीक बताया है। भारतीय साहित्य में भी चन्द्र सौंदर्य भरा पूरा है।

वैदिक काल में चन्द्रमा की उपासना थी। इस उपासना के बीज भारतीय देव शास्त्र से लेकर प्राचीन यूनान, रोमन, ईरानी और जर्मन में पाए जाते हैं। डॉ. गया चरण त्रिपाठी ने वैदिक देवता उद्भव और विकास के पृष्ठ 27 में लिखा है, ऋग्वेद में सूर्य के साथ द्वंद्व समास में इसका कई स्थानों पर उल्लेख है। ग्रीक देवशास्त्र में चन्द्रमा को तीन चक्रों वाले रथ में आकाश में भ्रमण करते हुए बताया गया है। विष्णु पुराण में भी इसी तरह का उल्लेख है। वैदिक साहित्य में चन्द्रमा औषधियों और सोम लता से सम्बंधित हैं। वे औषधियों के राजा हैं। रात्रि में औषधियां चन्द्रमा की किरणों से रस ग्रहण करती हैं। सोम और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्रीतिपूर्ण है। वैदिक देवशास्त्र में चन्द्रमा और सोम लगभग पर्यायवाची हो गए हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया है, ह्यह्यआर्य जाति में सूर्य और चन्द्रमा की विभिन्न लिंगों में कल्पना बहुत प्राचीन है। जर्मन, ऐंग्लोसेक्शन और लिथुआनियन भाषाओं में सूर्यवाची शब्द स्त्रीलिंग में है और चन्द्रमा के शब्द पुल्लिंग में है। लेकिन ग्रीक और लैटिन भाषाओं में सूर्यवाची सभी शब्द पुल्लिंग हैं और चंद्रमा के वाची स्त्रीलिंग। दोनों की भाई और बहन या पति के रूप में कल्पना की गई है। एक लैटिन गीत में कहा गया है कि, एक बार चन्द्रमा और सूर्य ने परस्पर विवाह किया। पत्नी सूर्य प्रातःकाल उठ जाती थी। लेकिन पति (चन्द्रमा) देर से उठता था। दोनों में लड़ाई हो गई। पति (चन्द्रमा) उषा काल के तारे से प्रेम करने लगा। इससे शक्तिशाली पैकुण्न नाराज हुआ। उसने पति (चन्द्रमा) पर खड़ग प्रहार किया जिससे वह खंडित हो गया।ङ्क इसी तरह की एक रोचक बात यूरोपीय लोककथा में कही गई है। इस कथा में सूर्य आकाश की पुत्री है और चन्द्रमा पुत्र। पिता आकाश ने पुत्र चन्द्रमा को दिन में तथा पुत्री सूर्य को रात्रि में प्रकाश करने के लिए नियुक्त किया। पुत्री को रात्रि में डर लगता था। इसलिए उसने दोनों की ड्यूटी बदल दी। दूसरे दिन प्रातः आकाश पुत्री पूरब से उदित हुई। पृथ्वी के लोग उसकी ओर एक टक देख रहे थे। भारत की प्राचीन लोककथाओं में सूर्य और चन्द्रमा राजा रानी हैं।



चन्द्रमा भारतीय सौन्दर्य कल्पनालोक का महानायक रहा है। चन्द्रमा सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है। उसका अपना प्रकाश नहीं होता। एक तरह से चन्द्रमा ब्रह्माण्ड की पहली सौर्य ऊर्जा की लालटेन है। चन्द्रमा घटता-बढ़ता है। चन्द्र प्रकाश घटते-घटते पंद्रहवें दिन अमावस्या हो जाता है। इसी तरह बढ़ते-बढ़ते पंद्रहवें दिन पूर्णिमा बनता है। मास और मुहूर्त का विभाजन चन्द्रमा के कारण होता है। मुहूर्त का निर्धारण चन्द्र नक्षत्र के निर्वचन से होता है। मुहूर्त समय का अति छोटा हिस्सा होता है और सामान्य जीवन को प्रभावित करता है। महाभारतकार ने सुन्दर श्लोक में कहा है, मुहूर्तं ज्वलितं श्रेयः, न तु धूमायितं चिरं ह्यह्य - मुहूर्त भर पूरी शक्ति के साथ जलना और प्रकाश देना श्रेयस्कर है। लेकिन दीर्घ काल तक धुंआ देते जलना बेकार है। अल्पकाल के लोकमंगलकारी कार्य श्रेष्ठ होते हैं। विश्व इतिहास के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर की प्रमुख रचना वृहत संहिता है। इसकी व्याख्या डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने की है। रंजन पब्लिकेशन से प्रकाशित इस पुस्तक के पृष्ठ 68 में वराहमिहिर ने कहा है, चंद्रमा सूर्य के नीचे स्थित है। इस कारण उसके जिस भाग पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं वह भाग चमकता है। चन्द्रमा का प्रकाश वस्तुतः सूर्य का ही प्रकाश है। जिस भाग पर सूर्य की किरणें नहीं पड़ती वह भाग उसकी स्वयं की छाया के कारण काला दिखाई पड़ता है। वराह मिहिर ने चन्द्रमा को जलीय ग्रह बताया है। सूर्य की किरणें चन्द्रमा पर पड़ती हैं तो रात्रि के अंधकार का नाश करती हैं। अमावस्या के अंत में सूर्य व चन्द्रमा का स्पष्ट समान होने पर चन्द्रमा सूर्य के ठीक नीचे होता है। तब पृथ्वी की ओर वाला चन्द्रभाग अंधकार में रहने से पृथ्वीवासियों को नहीं दिखाई पड़ता। ज्योतिर्विज्ञानियों के अनुसार चन्द्रमा एक राशि पर सवा दो दिन गतिमान रहते हैं। आधुनिक काल की बात दीगर है। वैदिक काल से लेकर लगध, वराह मिहिर, आर्यभट्ट, ब्रह्म गुप्त, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट व सुधाकर द्विवेदी के काल से गुजरते हुए चन्द्रमा और उसकी राशियों का निर्वचन जारी है। यद्यपि चन्द्रमा स्वयं देवता हैं। लेकिन पूरे एशिया में प्रचलित शिव रूद्र के मस्तक पर चन्द्रमा दिखाई पड़ता है। शिव और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्राचीन है। अनेक विद्वान सोम को भी चन्द्रमा मानते हैं। कौषीतकि ब्राह्मण और ऐतरेय ब्राह्मण में चन्द्रमा और सोम की अभिन्नता बताई गई है। चन्द्र देवता ही मासों के सृजनकर्ता हैं। उनके उद्भव से ही शुक्ल और कृष्ण पक्ष बनते हैं। चन्द्रमा देवता स्तुतिकताओं को शांति देते हैं और उनकी आयु में वृद्धि करते हैं। जैसे शिव सभी वर्गों, मनुष्यों, कीट पतिंगों और सांपों के भी जीवन रक्षक हैं। सांप उनके गले में रहता है। वैसे सोम भी वनस्पतियों के राजा हैं। चन्द्रमा की विश्व पुरुष से उत्पत्ति का उल्लेख तैत्तरीय ब्राह्मण में भी हुआ है। चन्द्रदेव के प्रकाश का अस्तित्व सूर्य पर आधारित है।

चन्द्रयान पर इसरो के अध्ययन से चन्द्रमा के सम्बंध में नए तथ्य प्राप्त होने की संभावनाएं हैं। संभव है कि चन्द्र अभियान के परिणाम प्राचीन भारतीय मान्यताओं की कमोबेश पुष्टि करने वाले हों। संभव यह भी है कि नितांत नए तथ्यों का उद्घाटन हो। एक अध्ययन प्राचीन है। तब साधन नहीं थे। वैज्ञानिक उपकरण नहीं थे। धरती से परम व्योम तक की जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा और जिजीविषा थी। ताजा अध्ययन नितांत नवीन और आधुनिक है। इसीलिए जिज्ञासुओं व जानकारों में इस अभियान के परिणामों की अधीर प्रतीक्षा है।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# सामाजिक समरसता का केंद्र बने संत रविदास मंदिर

भारत को कमजोर करने के लिए जातीय द्वेष बढ़ाने में अनेक ताकतें सक्रिय हैं। उनके निशाने पर विशेषकर हिन्दू समाज है। वहीं, भारतीय समाज को एकसूत्र में बांधने के प्रयास करने वाली संस्थाएं अंगुली पर गिनी जा सकती हैं। चिंताजनक बात यह है कि भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर राष्ट्रीयता को मजबूत करनेवाले संगठन भी रहते हैं। ऐन-केन-प्रकारेण उनकी छवि को बिगाड़ने के प्रयास किए जाते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी कमोबेश यही स्थिति है। वोटबैंक की राजनीति के चलते अनेक नेता एवं राजनीतिक दल भी हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष को बढ़ाने के दोषी हैं। इन परिस्थितियों के बीच शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर का निर्माण करने का सराहनीय निर्णय लिया गया है। सरकार इस मंदिर को सामाजिक समरसता के केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहती है। समरसता मंदिर के निर्माण में संपूर्ण हिन्दू समाज की भागीदारी हो, इसके लिए सरकार के प्रयासों से प्रदेशभर में समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को निर्माण स्थल बड़तूमा पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संत शिरोमणि रविदास की जयंती के सुअवसर पर यहाँ समरसता मंदिर की नींव रखेंगे। यह मंदिर अपने उद्देश्य के अनुसार आकार ले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समरसता यात्राओं में सहभागिता कर लोगों तक संत रविदास के संदेश को पहुँचाने का भगीरथी प्रयास कर रहे हैं। आनंद की बात है कि संत रविदास समरसता यात्रा का रथ जहाँ-जहाँ से गुजर रहा है, वहाँ के लोग मंदिर निर्माण के लिये अपने क्षेत्र की मिट्टी और नदियों का जल देकर संदेश दे रहे हैं कि निश्चित ही यह स्थान सबको एकसूत्र में जोड़ने में सफल होगा। भारतीय संत परंपरा में संत रविदास का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने दोहों-पदों और आचरण से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता पर बल दिया। समाज कैसा होना चाहिए, उनके इस पद में इसके दर्शन मिलते हैं- ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न। उन्होंने हमारे सामने ऐसे समाज की संकल्पना रखी, जहाँ किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुःख, दरिद्रता और भेदभाव नहीं हो। सब प्रसन्नता से रहें। सामाजिक समरसता के जीवनसूत्र देते हुए संत रविदास ने कहा- रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच। अर्थात कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है, जो व्यक्ति गलत काम करता है, वह नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म से कभी नीच नहीं होता है। संत रविदास जी के इस दर्शन को हमें आत्मसात करना चाहिए और इसे अपने आचरण में उतार लेना चाहिए। हिन्दू समाज की पहचान भी इसी बात के लिए है कि वह समय के साथ आई बुराइयों को समय के साथ ही छोड़कर आगे बढ़ जाता है। यह सत्य हमें स्मरण रखना चाहिए कि समाज को दिशा देनेवाले महान लोगों ने भेदभाव को उस समय भी स्वीकार नहीं किया, जब यह बुराई चरम पर दिखने लगी थी। हमारे यहाँ जातिगत भेदभव के लिए कभी कोई स्थान नहीं रहा है। संत शिरोमणि रविदास जी ने अहम् ब्रह्मास्मि और तत्वमसि के दर्शन को सामान्य लोगों को समझ आनेवाली भाषा में समझाया। उनकी वाणी का संदेश यही रहा है कि हम सब एक ही हैं। एक ही ईश्वर के भक्त हैं। वे कहते हैं- प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी। भारत के संत समाज ने हमें अनेक प्रकार से यह समझाने का प्रयास किया है कि हम सब एक ही ब्रह्म के अंश हैं। इसके बाद भी समाज में कुछ लोगों को यह बात समझ नहीं आती। विडम्बना यह है कि वे पढ़ते और पढ़ाते तो यही हैं, उपदेश भी इसी प्रकार के देते हैं लेकिन उनके आचरण से यह भाव नदारद है। कहने का अर्थ यही है कि अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। इसी बात को संत रविदास ने बहुत ही सुंदर, सरल लेकिन प्रभावी ढंग से कहा है- मन चंगा तो कठौती में गंगा। यानी हमारा मन पवित्र होगा तभी हम सब लोगों में एक ही ब्रह्म के दर्शन कर पाएंगे। संत रविदास का यह दर्शन सागर में बन रहे समरसता मंदिर से चहुँ दिशा में फैले, इसको भी सुनिश्चित करने का प्रयास शिवराज सरकार कर रही है। मंदिर को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की क्या संकल्पना है, इसे समझने के लिए उनके वक्तव्य को देखना चाहिए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि संत शिरोमणि रविदास सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों विशेषकर सियाराम मैं सब जग जानी के भाव को मानकर संत रविदास ने न केवल भक्ति अपितु सेवा का भी एक नया इतिहास रचा। उन्होंने सामाजिक सद्भाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। वे परोपकारी, दयालु और मृदुभाषी थे। संत रविदास जी का भव्य मंदिर और स्मारक समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा। अर्थात यह मंदिर किसी को संतुष्ट करने या कर्मकाण्ड के लिए नहीं बनाया जा रहा है। बल्कि मंदिर निर्माण के पीछे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार की वृहद एवं पवित्र संकल्पना है। हम उम्मीद करेंगे की यह शुभ संकल्प अपने वास्तविक रूप में साकार हो। समरसता यात्राओं में लोगों की सहभागिता इस विश्वास को और पक्का करती है कि संत रविदास मंदिर सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



भारत मणिपुर के साथ खड़ा है। मैं राज्य के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि वहां शांति और प्रगति दोनों होगी।' हम सामान्य स्थिति बहाल करने और महिलाओं की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



भारतीय न्याय संहिता बिल, भारतीय साक्ष्य बिल और भारतीय नागरिक सुरक्षा बिल में किए गए बदलाव से देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का ओवरहाल होगा और पीड़ितों को अधिक से अधिक 3 साल के अंदर पूर्ण न्याय मिल सकेगा।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में आज भारतीय न्याय संहिता बिल, भारतीय साक्ष्य बिल और भारतीय नागरिक सुरक्षा बिल पेश किया। इसके तहत महिलाओं के प्रति अपराध को और कड़ा किया गया है। साथ ही पुलिसकर्मी अगर गलत करता है तो उन्हें दंड देने की प्रक्रिया सरल की गई है और न्यायपालिका को छोटे मोटे मामलों में तीन साल के अंदर न्याय देना सुनिश्चित करने का प्रावधान है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# न्यायिक कसौटी पर संसद का निर्णय

एक बार फिर से संविधान के अनुच्छेद 370 के निराकरण की वैधता का मुद्दा चर्चा में है। उच्चतम न्यायालय में इस पर हो रही सुनवाई पर कई विश्लेषकों और वादी पक्ष का यह दावा है कि सरकार का इस अनुच्छेद को अप्रभावी बनाने का निर्णय संविधान से सुसंगत नहीं था और इस आधार पर जम्मू-कश्मीर को संघ शासित क्षेत्रों में बांटना अवैध था। उनका दावा है कि अनुच्छेद 370 में जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की सिफारिश पर ही राष्ट्रपति को निर्णय लेने की शक्ति है और चूंकि संविधान सभा का 1957 में ही विघटन हो गया था इसलिए अनुच्छेद 370 एक स्थायी प्रविधान बन गया। ऐसी स्थिति में 2019 में राष्ट्रपति ने जो आदेश जारी किए थे उसे संवैधानिक नहीं कहा जा सकता। उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 370 संविधान के भाग 21 में है, जिसका शीर्षक अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष प्रविधान है। अनुच्छेद 370 का शीर्षक है जम्मू-कश्मीर राज्य के संबंध में अस्थायी प्रविधान। इस अनुच्छेद के खंड-तीन में एक सार्थक प्रविधान यह है कि राष्ट्रपति इस अनुच्छेद को अप्रभावी बनाने के लिए एक सार्वजनिक अधिसूचना जारी कर सकते हैं, लेकिन इसके परंतुक में उल्लेख है कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा की सहमति आवश्यक होगी। प्रश्न यह है कि जब संविधान सभा विघटित हो गई है तब इस परंतुक का प्रभाव नहीं रहेगा, लेकिन क्या इस आधार पर इस अनुच्छेद के अर्थपूर्ण भाग को भी अप्रभावी बनाया जा सकता है? अगर ऐसा होगा तो संविधान के अर्थपूर्ण उपबंधों की विश्वसनीयता के संदिग्ध हो जाने की आशंका होगी। अतः इस पर न्यायालय द्वारा अवश्य ही विचार किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश ने एक अहम मुद्दा उठाया है कि संविधान सभा संसद और सर्वोच्च न्यायालय की तरह कोई स्थायी संस्था नहीं है। किसी भी संविधान सभा का जीवन अनिश्चित नहीं हो सकता। जम्मू-कश्मीर संविधान सभा का गठन एक विशेष उद्देश्य के लिए किया गया था, जो उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के संविधान का मसौदा तैयार करना था। जम्मू-कश्मीर संविधान बनने के बाद उसका कार्य पूरा हो गया। ऐसी स्थिति में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले संविधान सभा की ह्यसिफारिशह्न को आवश्यक बनाने वाले इस प्रविधान का कोई अनुप्रयोग नहीं है। यदि प्रविधान समाप्त हो जाता है तो निश्चित रूप से अनुच्छेद 370 में खंड-तीन का मूल भाग बना रहेगा। प्रश्न है कि क्या संविधान सभा के विघटन के बाद अनुच्छेद 370 स्वतः स्थायी उपबंध बन गया? ऐसी कोई बात संविधान में उल्लिखित नहीं है कि कोई भी उपबंध स्वतः अपने स्वरूप में परिवर्तन कर सकता है। इसका अर्थ यह भी है कि संसद (विधायिका) को ही ऐसी शक्ति होनी चाहिए, क्योंकि वही भारत की संसदीय शासन व्यवस्था में सर्वोच्च है और ऐसे किसी भी कार्य के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता भी होगी। वादी पक्ष के वकील कपिल सिब्बल का यह कहना भी अनुचित है कि 370 हटाने का फैसला जनमत संग्रह से होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी इस बात से असहमति जताते हुए कहा कि हमारे संविधान के तहत जनमत संग्रह की कोई जगह नहीं है। जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल की स्थिति अन्य राज्यों के राज्यपालों से भिन्न रही है और उसे मूलतः सदर-ए-रियासत स्वीकार किया गया था। भारत के साथ एकीकृत होने और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने के बाद उसे राज्यपाल कहा गया था। ऐसे राज्यपाल को तब शक्तियां मिल जाती हैं जब जम्मू-कश्मीर विधानसभा नहीं हो। इसी आधार पर 2019 में जम्मू-कश्मीर सरकार के रूप में राज्यपाल से सहमति लेकर केंद्र द्वारा राज्य को संघ शासित क्षेत्र में बदलने का निर्णय लिया गया था।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि तमाम कोशिशों के बावजूद नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। राजधानी में कभी ओडिशा के ड्रग्स सप्लायर पकड़े जाते हैं तो कभी दूसरी जगहों के। हद तो यह कि दिल्ली से आकर तस्कर यहां ड्रग्स का कारोबार करते हैं। मानव तस्करी के बाद नशीले पदार्थों की भी जमकर तस्करी हो रही है। कहने का आशय यह कि एक तरह से झारखंड की राजधानी नशीले पदार्थों के कारोबार का केंद्र बन गई है। अभी तीन-चार दिन पहले दो तस्कर पकड़े गए जो दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से रांची आकर ड्रग्स सप्लाई का काम करते थे। उन्हें पता था कि राजधानी जैसी वीआइपी कही जानेवाली ट्रेन से तस्करी करना उनके लिए सहज है। ड्रग्स तस्करी से कमाए गए पैसे वे देश ही नहीं, विदेश में खूब मौज-मस्ती करते थे। संयोगवश वे पकड़े गए। अब उनके साथियों की तलाश की जा रही है। हालांकि अब शहर में ड्रग्स को लेकर रांची पुलिस और आरपीएफ सजग हो गई है। आरपीएफ का कहना है कि हर दिन रांची स्टेशन पर ड्रग्स और शराब को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। रांची स्टेशन के अलावा हटिया और अन्य स्टेशन पर भी सघनता से जांच की जाएगी। आरपीएफ को सूचना मिली है कि राजधानी और कई अन्य ट्रेन से ड्रग्स और शराब की तस्करी हो रही है। वहीं, आरपीएफ को आदेश दिया गया है कि छोटे-छोटे स्टेशनों पर विशेष नजर रखें। अभियान चलाएं। उम्मीद की जानी चाहिए कि ड्रग्स तस्करी पर अंकुश लग सकेगा।

**प्रभात भूषण, कांके विधायक प्रतिनिधि।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एशिया कप में भी जारी रहेंगे वेस्टइंडीज दौरे जैसे प्रयोग: रोहित

### -विराट को मिल सकता है आराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने साफ कर दिया है कि वेस्टइंडीज दौरे की तरह ही एशिया कप में भी प्रयोग जारी रहेंगे। माना जा रहा है कि खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भी कप्तान के पास प्रयोग के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। विश्वकप को अभी दो माह से भी कम समय रह गया है। तब भी टीम में हो रहे प्रयोगों से हर कोई हैरान है। वेस्टइंडीज दौरे में रोहित और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी जगह पर युवाओं को अवसर दिया था हालांकि ये प्रयोग भी खास सफल नहीं रहा। विश्वकप को देखते हुए अब तक ये तय हो जाना था कि कौन सा खिलाड़ी किस स्थान पर खेलेगा पर ऐसा हो नहीं पाया है। रोहित ने एक दिन पहले ही कहा था कि अभी भी ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनके हमें जवाब चाहिए। साथ ही कहा कि एशिया कप में मैं कुछ खिलाड़ियों को अच्छी टीमों के खिलाफ दबाव में बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहता हूं। मैं अभी भी उन चीजों को देखना चाहता हूं, इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या होता है। रोहित की इसी बात ने साफ कर दिया कि टीम इंडिया की विश्व कप की तैयारी अभी भी पूरी नहीं हुई है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में रोहित कप्तान थे। वहीं विराट भी उस टीम में शामिल थे। इसके बाद के दोनों मैच इन्होंने नहीं खेले , इसके साथ ही पहले मैच में भी बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे थे। रोहित पहले एकदिवसीय में 7वें नंबर पर उतरे थे और अगले दो मैच में वह नहीं उतरे। विराट-रोहित की जगह उन खिलाड़ियों को सीरीज में अवसर दिया गया, जो लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर के पूरी तरह फिट नहीं होने की हालत में खेल सकें हालांकि इसका भी कोई लाभ नहीं दिख रहा है। युव खिलाड़ी अपने को साबित नहीं कर पाये। सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन को मध्यक्रम में मौका मिले पर दोनों ही बल्लेबाज प्रभावी नहीं रहे। चोटिल खिलाड़ियों के अब तक नहीं उबर पाने के कारण टीम प्रयोग के लिए मजबूर नजर आती है। कप्तान रोहित ने यह कह दिया कि एशिया कप में भी प्रयोग जारी रहेंगे।

रोहित ने साफ कर दिया है कि किसी का भी चयन तय नहीं है। मेरा भी नहीं। उन्होंने माना कि कुछ खिलाड़ियों का एशिया कप में खेलना तय है पर हर खिलाड़ी को अपने स्थान को पक्का करने के लिए प्रदर्शन करना होगा। हमें कुछ सवालों के जवाब चाहिए इसलिए दबाव भरे मुकाबलों में कुछ बल्लेबाजों का खेल देखना चाहेंगे. रोहित का इशारा साफ है, सूर्यकुमार यादव और संजू सैमसन को अपने खेल का स्तर ऊंचा उठाना होना. साथ ही शुभमन गिल भी टॉप ऑर्डर में पिछले कुछ मुकाबलों से बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं तो उन्हें भी रन बनाने होंगे. वर्ना उलटफेर की गुंजाइश को पूरी तरह दरकिनार नहीं किया जा सकता है.




केएल राहुल- श्रेयस अय्यर की फिटनेस ने ये सारे सवाल खड़े किए हुए हैं. इसी वजह से विश्व कप को लेकर अबतक तस्वीर साफ नहीं हुई है. इसलिए ही ये सवाल उठ रहे कि विश्व कप से पहले इतने प्रयोग कितने जायज हैं? क्या टीम को सिर्फ उन्हीं 15 को मौका नहीं देना चाहिए जो विश्व कप में खेलेंगे? क्योंकि पिछले साल टी20 विश्व कप में टीम इंडिया प्रयोग का खामियाजा उठा चुकी है.

# भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, शनिवार को होनी थी वोटिंग

**मांट्रियल। (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) चुनावों के संबंध में एक बड़े घटनाक्रम में, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) द्वारा दायर एक याचिका के बाद शनिवार (12 अगस्त) को होने वाले मतदान पर रोक लगा दी है। यह रोक अगले आदेश तक है। हरियाणा कुश्ती संघ ने हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) को डब्ल्यूएफआई चुनावों में वोट डालने की अनुमति देने के कदम को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। एचडब्ल्यूए का नेतृत्व संसद सदस्य दीपिंदर हुड्डा करते हैं और यह आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूएफआई और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन (एचओए) से संबद्ध है।

डब्ल्यूएफआई के नियमों के मुताबिक, एक राज्य संघ अपने चुनाव में वोट डालने के लिए दो सदस्यों को भेज सकता है। लेकिन हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ ने भी दावा किया है कि उनका डब्ल्यूएफआई से जुड़ाव है और उन्हें चुनाव में वोट देने का अधिकार है। हरियाणा कुश्ती संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील रविंदर मलिक ने खुलासा किया कि एचएडब्ल्यूए हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन से संबद्ध नहीं है इसलिए वे वोट देने के हकदार नहीं हैं। वहीं, हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ ने दावा किया कि एचडब्ल्यूए चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता क्योंकि वह डब्ल्यूएफआई से मान्यता प्राप्त नहीं है। एचडब्ल्यूए के प्रतिनिधि मलिक ने कहा,''यदि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाती है, तो इससे पूर्वाग्रह पैदा होगा और साथ ही डब्ल्यूएफआई चुनाव भी अवैध माने जाएंगे।'' अदालत ने इस पर संज्ञान लिया और कहा कि यह किसी के प्रति पूर्वाग्रह पैदा कर सकता है और प्रथम दृष्टया लगता है कि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ वोट डालने की पात्रता नहीं रखता है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विनोद एस भारद्वाज की अदालत ने डब्ल्यूएफआई के चुनावों पर रोक लगा दी है।

# विश्व कप 2023 के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम में तेजी से चल रही तैयारियां



**बेंगलुरू (एजेंसी)।** इसी साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने स्टेडियम में सुधार (नवीनीकरण) का जरूरी कार्य शुरू कर दिया है। विश्व कप के दौरान इस स्टेडियम में पांच मैच खेले जाएंगे। केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट ने केएससीए महाराजा टी20 ट्रॉफी के अनावरण अवसर पर कहा, 'कुछ दिन पहले आईसीसी की टीम के निरीक्षण के बाद हमने नवीनीकरण का कार शुरु कर दिया है। जिसके तहत स्टैंड का नवीनीकरण, कुछ नई सीट लगाना और स्टेडियम में शौचालय का नवीनीकरण भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'हमारा मुख्य लक्ष्य स्टेडियम में बेहतर सुविधाओं को उपलब्ध कराना है जिससे की सभी लोगों को खेल देखने का आनंद मिल सके।

गौरतलब है कि विश्व कप के दौरान बेंगलुरू में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 20 अक्टूबर, इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 26 अक्टूबर, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच चार नवंबर, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच नौ नवंबर और भारत व नीदरलैं नीदरलैंड के बीच 12 नवंबर को मैच खेले जाएंगे। कर्नाटक में देश की कई टीमें अभी अभ्यास कर रहे हैं इसके साथ ही कुछ इंग्लिश काउंटी टीम भी बेंगलुरू में ट्रेनिंग चाहती हैं। इसी को देखते हुए केएससीए राज्य में कुछ और स्टेडियम बनाएगा। वहीं केएससीए के उपाध्यक्ष संपत कुमार ने कहा कि केएससीए के 13 अगस्त से शुरु हो रहे टी20 टूर्नामेंट पर बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई की नजरें रहेंगी।

# इस कारण विश्वकप के लिए संभावितों की घोषणा नहीं कर पा रहा बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने पांच सितंबर तक संभावित टीम की घोषणा करने को कहा है। अब तक केवल ऑस्ट्रेलिया ने ही विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित की है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कब टीम घोषित करता है ये देखना होगा। बीसीसीआई के सामने सबसे बड़ी परेशानी खिलाड़ियों का चोटिल होना है। अभी श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल सहित कई टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं। विश्वकप की शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी। इसका पहला मुकाबला गत चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं खिताबी मुकाबला 19 नवंबर को इसी मैदान खेला जाएगा।

आईसीसी की समयसीमा के अनुसार सभी टीमों को 5 सितंबर तक अपनी-अपनी टीमों की सूची आईसीसी को देनी होगी। हालांकि टीमें 27 सितंबर तक इनमें बदलाव कर सकती है। सभी टीमों को अपने दल में 15-15 खिलाड़ी रखने की अनुमति होगी। 5 सितंबर से 27 सितंबर तक टीमों को बिना किसी मंजूरी के दल में बदलाव करने की इजाजत होगी, मगर अगर इसके बाद टीमों को दल में कोई बदलाव करने होंगे तो उसके लिए आईसीसी की अनुमति लेनी होगी।

टीम इंडिय के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से वापसी कर रहे हैं। इस सीरीज के दौरान उनकी फिटनेस और उनके प्रदर्शन को देखा जाएगा। वहीं राहुल और अय्यर भी अभी रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अगर वे फिट होते हैं तो उसके बाद टीम घोषित कर दी जाएगी। वहीं अगर इनमें से कोई भी खिलाड़ी 5 सितंबर से पहले पूरी तरह से फिट नहीं होता तो उसके लिए विकल्प तलाशने होंगे। यह भी कहा जा रहा है कि बीसीसीआई ने विश्व कप 2023 के लिए 18-19 खिलाड़ियों का चयन किया है पर अंत में इनमें से केवल 15 खिलाड़ियों को ही रखा जाएगा।

विश्व कप 2023 से पहले भारतीय टीम एशिया कप के अलावा ऑस्ट्रेलिया से एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। ऐसे में इन दोनो ही सीरीजों के बाद ये साफ हो जाएगा कि किन 15 खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप स्क्वॉड में जगह देनी होगी। ये भी तय है कऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में उतरी टीम ही विश्कप के लिए उतरेगी।

## 'मुश्किल लक्ष्य', विश्व कप में खेलने पर केन विलियमसन का बड़ा बयान आया सामने

क्राइस्टचर्च ।केन विलियमसन ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि भारत में होने वाले आईसीसी विश्व कप 2023 में उनके खेलने की संभावनायें काफी कम हैं क्योंकि न्यूजीलैंड का यह बल्लेबाज सर्जरी से अब भी उबरने की प्रक्रिया में चल रहा है। विलियमसन के घुटने के 'एंटीरियर क्रुसिएट लिगामेंट' (एसीएल) की इस साल अप्रैल में सर्जरी हुई थी। उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के शुरुआती मैच में गुजरात टाइटन्स की ओर से अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलते हुए यह चोट लगी थी। विलियमसन ने कहा, 'विश्व कप में खेलना हमेशा ही विशेष होता है। इसे (चोट को) ठीक होने में कितना समय लगेगा या मैं किस दिन वापसी करूंगा, यह इस समय बस अटकलबाजी ही है।' उन्होंने कहा, 'हां, निश्चित रूप से संभावना काफी कम है लेकिन फिर यह लक्ष्य काफी मुश्किल है। पर विश्व कप जैसा टूर्नामेंट हमेशा आपको प्रेरित करता है।'

# एशिया कप और विश्वकप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगे शाकिब

नई दिल्ली । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने एशिया कप और एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए - अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को टीम का कप्तान बनाया है। शाकिब दूसरी बार टीम के कप्तान बने हैं क्योंकि हाल ही में चोटिल होने के बाद एकदिवसीय टीम के कप्तान तमीम इकबाल ने पद छोड़ दिया था। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने शाकिब के नाम की घोषणा कर कहा कि शाकिब एशिया कप और विश्व कप के लिए बांग्लादेश की एकदिवसीय टीम के कप्तान होंगे। उन्होंने शुक्रवार को अपने घर पर कहा, हमने शाकिब को एशिया कप और विश्व कप के लिए कप्तान बनाया है। वहीं विश्व कप और एशिया कप के लिए टीम की घोषणा कल की जाएगी। अब तक केवल ऑस्ट्रेलिया ने ही विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित की है। ऐसे में अगर विश्व कप के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अपनी टीम की घोषणा करता है तो बांग्लादेश पहली ऐसी दूसरी टीम होगी, जो इस मल्टीनेशन टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम घोषित करेगा।



# रोहित ने बताया, विराट के टी20 सीरीज से बाहर रहने का कारण




नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी टी20 सीरीज में उनके और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को बाहर रखे जाने का कारण बताया है। रोहित के अनुसार ये कदम चोट से बचने के लिए किया था। रोहित ने कहा, पिछले साल भी हमने यही किया था। तब टी20 विश्वकप के कारण हमने एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला। वहीं हम अब कर रहे हैं। एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए ही हम टी20 क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। साथ ही कहा कि आप सब कुछ खेलकर विश्व कप के लिए तैयार नहीं रह सकते। हमने दो साल पहले यह फैसला लिया था। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी इसी कारण टी20 से बाहर रखे गये हैं। रोहित ने माना कि एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम को नंबर चार बल्लेबाज का चयन करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि चोटों के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा, देखिए, नंबर 4 हमारे लिए पहले से परेशानी रहा है। गौरतलब है कि साल 2019 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही भारतीय टीम ने चौथे नंबर पर 11 से अधिक खिलाड़ियों को आजमाया है पर केवल श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ही 10 से अधिक पारियां खेल पाये हैं। ऋषभ कार हादसे के कारण अभी तक पूरी तरफ से फिट नहीं हो पाये हैं। इस कारण वह विश्व कप से बाहर हो गए है। वहीं श्रेयस अय्यर पीठ की सर्जरी के बाद से ही वापसी नहीं कर पाये हैं। उन्होंने नंबर 4 पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए श्रेयस अय्यर को सराहा।

# खेल मंत्रालय ने पहलवानों को रोमानिया भेजा, एशियाई खेलों से पहले होगा विशेष ट्रेनिंग शिविर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली - एशियाई खेलों की टीम में शामिल छह पहलवान खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) को सहायता देने की योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेनिंग शिविर और प्रतियोगिता के लिए तीन सहयोगी स्टाफ सदस्यों के साथ रोमानिया के लिए रवाना हुए।

शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस दौरे के दौरान टीम 18 से 20 अगस्त तक इयोन कोर्नियानू और लाडिस्लाऊ सिमोन टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। विज्ञप्ति के अनुसार यह अंतरराष्ट्रीय दौरा 15 दिन का होगा जिसमें टीम की ट्रेनिंग का पूरा खर्चा, टिकट और ठहरने की व्यवस्था, वीजा का खर्च और 'आउट ऑफ पॉकेट' भत्ते का पूरा खर्चा उठाया जाएगा।

एशियाई खेल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में आयोजित होंगे। रोमानिया दौरे पर गए ग्रीको रोमन पहलवान : ज्ञानेंदर (60 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा - खेलो इंडिया एथलीट), सुनील कुमार (87 किग्रा - टॉप्स एथलीट), नरिंदर चीमा (97 किग्रा - खेलो इंडिया एथलीट) और नवीन (130 किग्रा)।



# फीडे विश्व कप शतरंज – विदित और अर्जुन नें प्री क्वाटर फाइनल में बनाई जगह




बाकू, अजरबैजान। फीडे विश्व कप शतरंज में चौंथे दौर के दो क्लासिकल मुकाबलों के बाद भारत के विदित गुजराती और अर्जुन एरिगासी नें सीधे शीर्ष 16 में अपना स्थान तय कर लिया है जबकि प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष खिलाड़ी डी गुकेश , प्रज्ञानन्दा और निहाल सरीन कल टाईब्रेक के मुक़ाबले खेलेंगे जबकि महिला वर्ग में कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली क्वाटर फाइनल में जगह बनाने के लिए कल टाईब्रेक खेलेंगी । पुरुष वर्ग में चौंथे दौर के पहले मुक़ाबले में जीत दर्ज करने वाले विदित गुजराती नें दूसरे दिन काले मोहरो से खेलते हुए फ्रांस के एटीने बेक्रोट के खिलाफ ड्रॉ खेलते हुए जीत के लिए जरूरी आधा अंक बना लिया और इसके साथ ही लगातार दूसरे विश्व कप में वह शीर्ष 16 में पहुँच गए है । वहीं कल जीत के करीब जाकर चूकने वाले अर्जुन एरिगासी नें आज एक शानदार एंडगेम में उज्बेकिस्तान के जवोखीर सिंदारोव को मात देते हुए विदित की तरह 1.5–0.5 के स्कोर से पांचवें दौर में स्थान बनाया । भारत के शीर्ष विश्व नंबर 9 खिलाड़ी डी गुकेश नें रूस के आन्द्रे एसीपेंकों से , प्रज्ञानन्दा नें विश्व नंबर दो यूएसए के हिकारु नाकामुरा से और निहाल सरीन नें रूस के यान नेपोमनिशी से लगातार दूसरा मुक़ाबला ड्रॉ खेला और 1–1 से बराबर रहे और अब टाईब्रेक का सामना करेंगे । महिला वर्ग में भारत की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरु हम्पी को जॉर्जिया की बेला खोटेनाश्विली से कल हार का सामना करना पड़ा था पर आज उन्होने शानदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया तो हरिका द्रोणावल्ली नें फ्रांस की एलिने रोएबेर्स से लगातार दूसरा ड्रॉ खेला और अब इन्हे टाईब्रेक का सामना करना होगा ।

# टीम के लिए एकदिवसीय विश्वकप जीतना चाहते हैं बोल्ट

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि उनकी टीम इस बार भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को जीतेगी। बोल्ट को केन्द्रीय अनुबंध नहीं होने के बाद भी इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में रखा गया है। उससे तय है कि उन्हें विश्वकप के लिए भी टीम में जगह मिलेगी। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि टीम में वापसी के साथ ही एकदिवसीय विश्व कप के लिए प्रयास करने मेरे लिए अहम रहेगा। साथ ही कहा कि पिछले आयोजनों में हमारा अनुभव बेहद रोमांचक रहा है। इसलिए मैं टीम के साथ जुड़ने और बड़ी भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हूं। उम्मीद है कि इस बार हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहेंगे। बोल्ट ने गत वर्ष न्यूजीलैंड क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध को तोड़कर टी20 क्रिकेट लीग खेलने का फैसला लिया था। वह कई अवसरों पर फ्रेंचाइजी लीग प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए न्यूजीलैंड की टीम से भी बाहर रहे हैं। बोल्ट ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के अपने फैसले पर कहा था कि एक साल पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट से दूर जाना आसान फैसला नहीं था। मैं कभी नहीं चाहता था कि न्यूजीलैंड और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच के चयन हो। मैं केवल इतना जानता था कि मेरा करियर कितना लंबा रहेगा और एक गेंदबाज के रूप में अपने बचे हुए समय का अधिकतम लाभ उठाना चाहता था। मैं निश्चित रूप से अब भी पहले की तरह अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में अच्छा प्रदर्शन करुंगा। बोल्ट ने कहा कि मैं अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का बहुत सम्मान करता हूं। यह क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाले किसी भी बच्चे के लिए बेहद अहम है और मेरी राय में एकदिवसीय विश्व कप अभी भी क्रिकेट का शीर्ष है। उन्होंने कहा कि जब मैंने अपने अनुबंध से हटने का निर्णय लिया, तो यह घर पर थोड़ा अधिक समय बिताने के लिए था। मैं जल्द ही दुनिया भर में बहुत अधिक क्रिकेट खेलने में समय बिताने लगा।

# पारालुएलो के गोल से स्पेन महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में

वेलिंगटन। सलमा पारालुएलो के अतिरिक्त समय में किये गये गोल की मदद से छठी रैंकिंग पर काबिज स्पेन ने शुक्रवार को यहां नीदरलैंड को 2–1 से हराकर पहली बार महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दो यूरोपीय मजबूत टीमों के बीच कड़े नॉकआउट मुकाबले में पारालुएलो ने 111वें मिनट में विजयी गोल दागा।



नीदरलैंड की टीम चार साल पहले फ्रांस में फाइनल में अमेरिका से हार गयी थी और अब दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। मारियोना कालडेंटी ने 81वें मिनट में गोल कर स्पेन को 1–0 से बढ़त दिलायी। नियमित समय के अंतिम 10 मिनट में नीदरलैंड की डिफेंडर स्टेफानी वान डर ग्राग्ट 'खलनायिका' से 'नायिका' बन गयीं जिन्होंने अपनी टीम के लिए बराबरी गोल दागा। उनकी हैंडबॉल की वजह से ही स्पेन को 81वें मिनट में पेनल्टी मिली थी जिस पर मारियोना ने गोल दागा था। फिर 19 वर्षीय पारालुएलो ने अतिरिक्त समय में बायें पैर से मुश्किल कोण से लगे शॉट से टीम के लिए विजयी गोल किया। उन्होंने कहा, ''यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हम सफल रहे। हम अंत तक लड़ते रहे। हमें भरोसा था।'' इस मैच के लिए दर्शकों की संख्या 32,000 से ऊपर थी जिसमें न्यूजीलैंडके प्रधानमंत्री क्रिस हिपिकिन्स और फीफा अध्यक्ष जियानी इनफैनटिनो भी शामिल थे।

# एशिया कप में पाकिस्तान का ये खिलाड़ी बढ़ाएगा भारत की मुश्किल, भारतीय बल्लेबाजों को रहना होगा सतर्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 के आगाज में बस कुछ ही दिन शेष हैं। इसके लिए पाकिस्तान टीम ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में कई शानदार तेज गेंदबाज हैं। जो अकेले दम पर विपक्षी टीम की बैटिंग को तहत-नहस कर सकता है। इनमें शाहीन शाह अफरीदी मौजूदा समय में 'द हंड्रेड' में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसके बाद कहा जा रहा है कि वो एशिया कप में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। लेकिन पाक टीम में शाहीन से बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं हारिस रउफ, जो फिलहाल द हंड्रेड खेल रहे हैं। साथ ही अपनी कहर बरपाती गेंदाबजी से बल्लेबाजों का होश उड़ा रखा है।

बता दें कि, हारिस रउफ के पास केवल रफ्तार नहीं, बल्कि उनके पास ऐसा हथियार है जो भारतीय बल्लेबाजों की नींद उड़ाने के लिए पर्याप्त है। दरअसल, एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच पहला मुकाबला 2 सितंबर को श्रीलंका के कैंडी में खेला जाएगा। दोनों टीमों की पिछले मुकाबलों पर एक नजर डालें तो नई गेंद से शाहीन अफरीदी और नसीम शाह भारतीय टीम की मुश्किल बढ़ा सकते हैं।

पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ हारिस रउफ ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी। उस समय उन्होंने रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव को आउट किया था। जिस कारण इस बार भारतीय बल्लेबाजों को हारिस से पार पाना भी मुश्किल होगा।

### भारतीय बल्लेबाजों को हारिस से पाना पाना मुश्किल

हारिस रउफ बेहद ही चालाकी से बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाते हैं। द हंड्रेड में हारिस ने 20 गेंद में 20 रन देकर 2 विकेट झटके। रउफ ने फीनिक्स के लिए दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। लेकिन एक बल्लेबाज का काम रफ्तार से ही खत्म कर दिया तो एक को बड़ी चालाकी से अपने जाल में फंसाया। इसी कारण से हारिस एशिया कप में टीम इंडिया के लिए बड़ा खतरा बन कर उभरेंगे।







# रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 में नजर आएगी कियारा आडवाणी !

रणवीर सिंह कथित तौर पर नए डॉन के रूप में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान की जगह लेंगे ! फैंस अब सोच रहे हैं कि कियारा आडवाणी उनके अपोजिट फीमेल लीड में होंगी, क्योंकि उन्हें प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी के साथ एक मीटिंग के बाद देखा गया था। इसमें कितनी सच्चाई है, ये तो बाद में ही पता चलेगा। बॉलीवुड के एक्टर-डायरेक्टर फरहान अख्तर ने बिना कोई डिटेल शेयर किए डॉन 3 की टीजर अनाउंसमेंट शेयर की। टीजर में बस इतना कहा गया कि एक नया युग शुरू होने वाला है। बाद में उन्होंने एक इमोशनल नोट लिखा, जिसमें उन्होंने अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि अब एक नए एक्टर के साथ विरासत को आगे ले जाने का समय आ गया है। अब डॉन की विरासत को आगे ले जाने का समय आ गया है। हमारे साथ एक एक्टर जुड़ेगा, जिसकी प्रतिभा की मैं लंबे समय से तारीफ करता रहा हूं। हमें उम्मीद है कि आप उन्हें वही प्यार दिखाएंगे जो आपने अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के प्रति विनम्रतापूर्वक और उदारतापूर्वक दिखाया है। साल 2025 में डॉन का एक नया युग शुरू होगा।

# एक और एक्शन फिल्म की तैयारी में सलमान मिलाया करण जौहर से हाथ





कुछ महीने पहले सलमान खान ने रजत कपूर के टीवी शो आपकी अदालत में कहा था कि उनके पास एक फिल्म के लिए करण जौहर का फोन आया है। मैं भी करण जौहर के साथ काम करना चाहता हूँ। 25 साल पहले मैंने उसकी पहली फिल्म में उसके साथ काम किया था। अब इस बात को लेकर फिल्म उद्योग में फिर से चर्चा हो रही है। गलियारों में बहती सावन की फुहारों ने बताया है कि सलमान खान और करण जौहर 25 साल बाद साथ काम करने जा रहे हैं। इन दोनों ने एक साथ काम करने की मुहर लगा दी है। दोनों ने आखिरी बार 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में साथ काम किया था। अब दोनों एक एक्शन फिल्म पर साथ काम करेंगे जिसे करण जौहर प्रोड्यूस करेंगे। यह एक एक्शन फिल्म होगी जिसके निर्देशन का जिम्मा 'शेरशाह' फेम डायरेक्टर विष्णुवर्धन का होगा। फिल्म से जडे एक सत्र के मताबिक, 'यह एक स्पेशल प्रोजेक्ट है। फिल्म से जुड़े सभी लोग इसे नवंबर 2023 तक शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं। यह 'शेरशाह' के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में विष्णुवर्धन की दूसरी फिल्म हो सकती है। सब कुछ ठीक रहा तो इसका प्री-प्रोडक्शन वर्क इसी महीने शुरू हो जाएगा। फिल्म का टाइटल और बाकी की स्टार कास्ट अभी फाइनल होना बाकी है। सूत्र ने यह भी बताया कि सलमान, करण और विष्णुवर्धन बीते छह महीने से इस प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। सलमान 'टाइगर' 3 की शूटिंग पूरी होने के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म को 7 से 8 महीनों तक मल्टीपल शेड्यूल्स में फिल्माया जाएगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान इन दिनों 'टाइगर 3' पर जुटे हुए हैं। मनीष शर्मा निर्देशित यह फिल्म इसी साल दिवाली पर रिलीज होनी है। इसमें सलमान के अपोजिट इमरान हाशमी नजर आएंगे। इसके अलावा सलमान के पास 'टाइगर वर्सेज पठान' और सूरज बड़जात्या की फिल्म 'प्रेम की शादी' भी है। एक रिपोर्ट की मानें तो यह फिल्म नवंबर 2023 में फ्लोर पर जाएगी। मेकर्स इसे अगले साल क्रिसमस पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। चर्चा है कि इस मैसिव एक्शन फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस होंगे, जो पहले कभी नहीं देखे गए।

# कोई... मिल गया के रोहित ने मेरे भीतर छिपे बच्चे से दोबारा जुड़ने में की मदद

साइंस-फिक्शन फिल्म कोई...मिल गया के दो दशक हो गए हैं। फिल्म को लेकर एक्टर ऋतिक रोशन का कहना है कि फिल्म में उनके किरदार रोहित ने उन्हें अपने भीतर के बच्चे और अपनी मासूमियत से दोबारा जुड़ने में मदद की। फिल्म रोहित (ऋतिक रोशन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका मानसिक विकास कम हुआ है, जो अपने दिवंगत पिता संजय (राकेश रोशन) के कंप्यूटर के जरिए एक अलौकिक प्राणी (जादू) से संपर्क करता है। फिल्म रोहित की दोस्त निशा (प्रीति जी जिंटा) के साथ उसके रिश्ते पर आधारित है, जिसे उससे प्यार हो जाता है। फिल्म की शूटिंग की यादों को ताजा करते हुए ऋतिक ने आईएएनएस को बताया, कोई...मिल गया ने मुझे अपना बचपन फिर से जीने में मदद की। रोहित का किरदार निभाते समय मैं अपने भीतर के बच्चे से जुड़ गया, अपनी मासूमियत और कमजोरियों से दोबारा जुड़ पाया, यही बात मुझे पुरानी यादों में खो देती है। अभिनेता ने कहा कि वह निश्चित रूप से जादू को भी बहुत याद करते हैं। रितिक, जिन्हें उनके फैंस बॉलीवुड का ग्रीक गॉड भी कहते हैं, ने कहा, रोहित का किरदारग निश्चित रूप से मेरे करियर की शुरुआत में सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक था। यह एक ऐसा किरदार था जिसने फिल्मों का हिस्सा बनने की इच्छा जगाई जिसने मुझे एक अभिनेता के रूप में प्रेरित किया। उन्होंने कहा, तब से कई भूमिकाएं मिलीं, चाहे वह कृष, अग्निपथ, गुजारिश, काबिल, सुपर 30 या विक्रम वेधा हो, इन सभी फिल्मों ने मुझे अपनी क्षमता को पहचानने और बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। फिल्म में रोहित और निशा के बीच दिखाए गए रिश्ते के बारे में बात करते हुए, ऋतिक ने कहा मुझे लगता है कि रोहित और निशा का ट्रैक बहुत पुराना हो गया है। प्रीति का किरदार निशा एक बेहद संवेदनशील युवा महिला थी, जो रोहित की उम्र के करीब एकमात्र लड़की थी जो उसे समझती थी और उसके साथ एक समान व्यवहार किया। उन्होंने साझा किया, मुझे लगता है कि एक किरदार के रूप में निशा अपने समय से आगे थी और प्रीति ने इसे खूबसूरती से निभाया। कहो ना...प्यार है फेम एक्टर ने कहा कि उनकी 23 साल की यात्रा संतोषप्रद रही है। उन्होंने कहा, मुझे अपने करियर को लेकर कोई पछतावा नहीं है, केवल सीख हासिल की है और प्रत्येक सीख के साथ मैं केवल एक अभिनेता और इंसान के रूप में आगे बढ़ा हूं। राकेश रोशन द्वारा निर्देशित और निर्मित इस फिल्म में रेखा, जॉनी लीवर, रजत बेदी, प्रेम चोपड़ा और बाल कलाकार हंसिका मोटवानी, अनुज पंडित शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं।



# गैल गैडोट हुई आलिया की कद्रदान

आलिया भट्ट की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है। इससे आलिया उत्साहित हैं। अब आलिया जल्द ही हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगी। यह आलिया की पहली हॉलीवुड मूवी है। इसमें आलिया जानी-मानी अभिनेत्री गैल गैडोट और अभिनेता जैमी डोर्नन के साथ दिखेंगी। इस बीच गैल गैडोट भी आलिया की कदरदान हो गई हैं और उन्होंने उनकी जमकर तारीफ की। गैल ने कहा कि आलिया और मेरे बीच काफी समानताएं हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। आलिया खुद को बहुत गंभीरता से नहीं लेतीं, वह जमीन से जुड़ी हुई हैं, लेकिन बहुत मजेदार हैं। आलिया काफी प्यारी और दयालु हैं। वह हमेशा काम के प्रति समर्पित रहती हैं। उल्लेखनीय है कि हार्ट ऑफ स्टोन का प्रीमियर 11 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। फिल्म के डायरेक्टर टॉम हार्पर हैं। इससे पहले एक इंटरव्यू में आलिया से जब बॉलीवुड और हॉलीवुड में काम करने के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि पूरी दुनिया में फिल्म स्टार एक जैसे ही होते हैं। वो ही लोग होते हैं, वो ही विजन होता है और वो ही भावना और इरादे होते हैं। हालांकि ये कहा जा सकता है कि भाषा बहुत अलग है, लेकिन कहानी कहने की मुख्य भावनाएं वही रहती हैं। पूर्व में आलिया ने खुलासा किया था कि हार्ट ऑफ स्टोन की शूटिंग के पहले दिन इंग्लिश डायलॉग एक बड़ी चुनौती थी। वैसे तो वह हर टाइम इंग्लिश में बात करती हैं, लेकिन उन्हें डायलॉग हिंदी में बोलने की आदत है इसलिए अंग्रेजी में डायलॉग थोड़ा अजीब लगा। फिल्म में आलिया ने केया धवन का किरदार निभाया है।

# चेन्नई एक्सप्रेस के 10 साल पूरे दीपिका पादुकोण को याद आया मीनम्मा का किरदार

दीपिका पादुकोण ने अपने 15 साल के करियर में विभिन्न शैलियों और भूमिकाओं में कई हिट फिल्में दी हैं। इन्हीं में से सुपरहिट फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस से मीनम्मा का उनका आइकोनिक रोल हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी में दीपिका, शाहरुख खान के साथ पेयर हुई थी और फिल्म में उन्होंने एक साउथ इंडियन गर्ल की भूमिका को पूरी परफेक्शन का साथ प्ले किया था। जबकि फैन्स अब भी फिल्म के उनके कई सीन्स और डायलॉग्स को रीक्रिएट करते दिख जाते हैं, दीपिका उन्हें लगातार मिल रहे प्यार से अभिभूत हैं, और फिल्म के 10 साल पूरे होने के अवसर पर उन्होंने साझा किया, वे कहते हैं कि कॉमेडी एक अभिनेता के लिए सबसे मुश्किल है शैली है। इसलिए जब मुझे चेन्नई एक्सप्रेस ऑफर हुई, तो मुझे पता था कि मेरे सामने एक कठिन चुनौती है। मीनम्मा को समझने में मुझे थोड़ा समय लगा, एक प्रक्रिया जो बेहद लोनली है और अक्सर डरावनी होती है, मैं आभारी हूं कि हम एक ऐसा किरदार बनाने में सफल रहें जो न केवल फिल्म का दूसरा नाम है, बल्कि जिसे आज भी भरपूर प्यार मिल रहा है। 2013 में रिलीज़ हुई, चेन्नई एक्सप्रेस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक थी जिसने सभी प्रमुख पुरस्कार जीते और जनता का दिल भी जीता। इसमें शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के बीच की केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया, जबकि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई भी की। एक साउथ इंडियन के रूप में दीपिका का प्रदर्शन और उनकी फॉरएवर आइकोनिक डायलॉग्स डिलीवरी फिल्म का प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा, फिल्म के गाने भी चार्टबस्टर लिस्ट में टॉप पर रहे, जिसने प्रशंसकों को आज भी झूमने पर मजबूर कर दिया है।



# द फ्रीलांसर में अपने नेगेटिव किरदार को लेकर बेहदउत्साहित हैं नवनीत मलिक

लव हॉस्टल और हीरोपंती 2 में अपनी एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले एक्टर नवनीत मलिक एक रोमांचक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले हैं। एक्टर फिल्म निर्माता नीरज पांडे की अपकमिंग सीरीज द फ्रीलांसर में नेगेटिव किरदार निभाते नजर आएंगे। नवनीत पहली बार स्क्रीन पर नेगेटिव किरदार निभा रहे हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा द फ्रीलांसर में, मैं मोहसिन का किरदार निभा रहा हूं, जो आलिया का पति है। दोनों प्यार में डूबे कपल है, लेकिन उनके खुशहाल जीवन में एक खतरनाक मोड़ आता है, जो सीरीज की कहानी में ट्विस्ट लाने का काम करता है। मैं एक ग्रे किरदार निभा रहा हूं, जिसका मतलब है कि दर्शकों को मोहसिन के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखने को मिलेंगे। शो का हिस्सा बनने के अपने फैसले पर, नवनीत ने कहा, जब मुझे पता चला कि इस सीरीज को नीरज पांडे सर बना रहे है, तो मैं बहुत खुश हुआ और जानता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। और जब मुझे अपने किरदार के बारे में पता चला, ऐसा लगा जैसे यह मेरे लिए ही बनाया गया हो। उन्होंने कहा, मोहसिन का किरदार निभाने से मुझे पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों शेड्स दिखाने का मौका मिलता है और मैं अपने करियर के इस पड़ाव पर इससे बेहतर मौके की उम्मीद नहीं कर सकता। कथानक, कहानी और पात्र बिल्कुल अद्भुत हैं, और मैं कहानी में बड़ा प्रभाव डालूंगा। द फ्रीलांसर में फ्रीलांसर के रूप में मोहित रैना, शानदार एनालिस्ट डॉ. खान के रूप में अनुपम खेर और आलिया के रूप में कश्मीरा परदेसी शामिल हैं। यह सीरीज शिरीष थोराट की किताब ए टिकट टू सीरिया पर आधारित है। कहानी युद्धग्रस्त सीरिया में बंदी बनाई गई एक युवा लड़की को बचाने के रेस्क्यू ऑपरेशन के इर्द-गिर्द घूमती है। भाव धूलिया ने निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। सीरीज में प्रतिभाशाली सुशांत सिंह, मंजरी फडनीस, सारा जेनडियास, जॉन कोककेन और गौरी बालाजी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

